इंडियन एयर लाइन्स कारपोरेशन के कर्मचारी संघ को मान्यता

5857: **श्री इन्द्रजीत गुप्ता** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन एयरलाइन्स कारपोरेशन के कर्मचारी संघ को मान्यता देने के लिए अनुशासन संहिता के अन्तर्गत सदस्यता की जांच की गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम है ;

(ग) क्या यह सच है कि कर्मचारियों केवल एक विशेष वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले सघ का मान्यता देने की सिफारिश की गई है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार की नीति वर्गों के अनुसार संघों को प्रोत्साहन डेने की है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी हाँ। इंडियन एयर लाइन्स के कर्मचारियों में से तकनीकी श्रेणियों की दो यूनियनों में से एक यूनियन अर्थात्—इंडियन एयर क्राफ्ट टेकनिशियन्स एसोशियेसन ने जांच के लिए रिकार्ड प्रस्तुत किये। दूसरी यूनियन अर्थात् एयर कारपोरेशन इम्प्लायीज यूनियन को अनुशासन संहिता के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दो मौके दिये गये, तो भी उसने अपने रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किये।

(ख) यह पाया गया कि इंडियन एयर क्राफ्ट टेकनिशियन्स एसोसियेशन 76.7 प्रतिशत कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है।

(ग) जी हां।

(घ) सरकार की नीति वर्गवार अथवा विभागवार यूनियनों की मान्यता को प्रोत्साहन देने का नहीं है। लेकिन चूंकि कोई एक धन्धा अथवा वर्ग-वार यूनियनों को इंडियन एयरलाइन्स ने मान्यता दी थी, इसलिए सहायता की जाच करने के लिए ऐसी यूनियन का दावा स्वीकार किया गया जो कर्मचारियों के एक विशिष्ठ वर्ग का प्रतिनिधित्व करती थी।

मध्य प्रदेश में किसानों को प्रशिक्षण तथा शिक्षा देने का कार्यक्रम

5858. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के उन स्थानों की संख्या कितनी है तथा उनके नाम क्या जहां किसानों

को वैज्ञानिक कृषि की नवीनतम जानकारी प्रदान करने के लिए कृषि प्रशिक्षण तथा शिक्षा कार्यक्रम आरम्भ किया गया है ;

(ख) मध्य प्रदेश में कितने किसानों को प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें कब प्रशिक्षण दिया गया था ;

(ग) क्या साक्षरता भी इस कार्यक्रम का एक भाग है और यदि हां, तो इस पर गाँवों में कैसे अमल किया जाता हैं ;

(घ) मध्य प्रदेश में साक्षरता कार्यक्रम से कितने गांव वासियों तथा किसानों को लाभ पहुंचा है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) वरित अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम वाले दो जिलों में कृषक प्रशिक्षण एवं शिक्षा की योजना के अन्तर्गत, मध्य प्रदेश के लिये दो कृषक प्रशिक्षण केन्द्र आवंटित किये गये हैं और ग्राम सेवक प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर और ग्राम सेवक प्रशिक्षण केन्द्र, चन्दखुरी (जिला रायपुर) पर स्थित है ।

(ख) राज्य सरकार ने हाल ही में इन केन्द्रों की स्थापना के लिए मंजूरी दी है । अतः कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षित कृषकों की संख्या के बारे में जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है ;

(ग) जी हां । यह केवल रायपुर जिले के कार्यक्रम का एक अंग है । कृषकों को अपना फार्म योजनाओं को तैयार करने हेतु आदान कार्डों को भरने, हिसाब को ठीक रखने, ऋण और आपूर्ति आदि विषयक सरल पत्र लिखने के योग्य पर्याप्त साक्षर बनाने के लिये वरित गांवों में क्रिया शील साक्षरता दल संगठित कर दिये गये हैं । 20-30 प्रौढ कृषकों के दलों के लिये अध्यापकों और अन्य कार्यकर्ताओं की सहायता से कक्षायें संगठित की जायेगी । प्रत्येक पाठ्यक्रम 6 मास की अवधि का होगा । प्रथम तीन महीनों में सप्ताह में पांच दिन और शेष तीनों महीनों में सप्ताह में 2-3 दिन अध्यापन होगा ।

(घ) प्रत्येक केन्द्र में 30 प्रौढ़ों के नामांकन के साथ रायपुर जिले में 60 केन्द्रों पर क्रियाशील साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । यद्यपि प्रारम्भिक कार्य पर्याप्त समय से चल रहा है, किन्तु साक्षरता कक्षाओं में कार्य केवल 1-3-69 से ही आरम्भ किया गया है ।

नई दिल्ली में ओल्ड राजेन्द्र नगर बस्ती

5859. **श्री निहाल सिंह** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री 20 फरवरी, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 478 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस बीच नई दिल्ली की ओल्ड राजेन्द्र नगर बस्ती में मकानों की चार दीवारों के बारे सूचना एकत्रित कर ली गई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). पुराने राजेन्द्र नगर में जिन मकानों में चार दीवारी । घेरा जंगला लगा है उनकी

संख्या 2472 है। सार्वजनिक भूमि तथा मार्ग की पटरियों पर पक्की चारदीवारी बनाना, दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1967, की धारा 318 के अधीन अधिक्रमण करना है और दिल्ली नगर निगम ने सूचित किया है कि इन चारदीवारियों के गिराने के बारे में शीघ्र कार्यवाही करना प्रस्तावित है।

वार्षिक नाटक समारोह

5860. **श्रीमती जयाबेन शाह** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संगीत तथा नाटक प्रभाग द्वारा किस प्रयोजन से वार्षिक नाटक समारोह आयोजित किया जाता है ;

(ख) इस समारोह से किन-किन को लाभ होता है।

(ग) पिछले ग्यारहवें नाटक समारोह में कुल कितने लोग आये ;

(घ) गत समारोह पर कितना खर्च हुआ और उससे कितनी आय हुई ; और

(ङ) गत समारोह में किन-किन सांस्कृतिक मंडलियों ने भाग लिया और प्रत्येक मंडली को कितनी-कितनी राशि दी गई ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) गीत तथा नाटक प्रभाग द्वारा वार्षिक नाटक समारोह आयोजित करने के उद्देश्य ये हैं :—

राज्य सरकारों की मंडलियों को नाटक प्रस्तुत करने के आधुनिक तरीकों से परिचित कराना ;

गीत और नाटक प्रभाग के कर्मचारियों को विभिन्न राज्यों में नाटकों को प्रस्तुत करने की विधियों से परिचित कराना ;

विभिन्न प्रदेशों से तथा विभिन्न भाषाओं में एक मंच पर गीत, नाटक, आदि के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने में सहायता देना।

परिवार नियोजन, आर्थिक विकास (बचत) आदि जैसे राष्ट्रीय अभियानों के प्रचार में सहायता करना ;

श्रोताओं को अच्छे स्तर का मनोरंजन देना।

(ख) समारोह से लाभ उठाने वालों में गीत तथा नाटक प्रभाग, राज्य सरकारें, भाग लेने वाली मंडलियां, राजधानी के लोग और सामान्य रूप से थियेटर आंदोलन हैं।

(ग) यद्यपि कोई ठीक रिकार्ड नहीं रखा गया तो भी ग्यारहवें नाटक समारोह में आने वाले लोगों की अनुमानित संख्या 25,000 थी।

(घ) ग्यारहवें नाटक समारोह पर लगभग 83,600/—रुपये खर्च हुए थे। इससे कोई आय नहीं हुई थी, क्योंकि उसमें प्रवेश निःशुल्क था।

(ङ) क्रम संख्या	मंडली का नाम	गीत तथा नाटक प्रभाग द्वारा दी गई धन-राशि जो कापीराइट प्रभार आदि समेत मंडलियों के यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते, भाड़े, मेक-अप आदि के सामान उपकरण, आदि पर हुए खर्च का 50 प्रतिशत थी ।
		रुपये
1.	गोआ हिन्दू एसोसियेशन बम्बई ।	52,32.50
2.	युवक संघ, कला विभाग, मपुसा गोआ ।	1,904.00
3:	बिहार सरकार के जन सम्पर्क विभाग की विभागीय नाटक मंडली ।	1,306.20
4,	कलाश्री थियेटर, कटक ।	3,585.00
5.	टी. के. एस. बादर्स, मद्रास।	8,760.00
6.	राजकीय सांस्कृतिक मंडली, लोक मनोरंजन अनुभाग पश्चिम बंगाल सरकार ।	3,653.85
7.	देशाभिमानी थियेटर, आलिगन, केरल ।	6,525.00
8.	एच. के. आर्टस कालेज ऐड नट मंडल, अहमदाबाद ।	3,300.00
9.	आर्यन थियेटर, मणिपुर ।	5,365.00
10.	न्यू आर्ट प्लेअर्स, गोहाटी ।	3,750.00 (बुक डेबिट प्रतिक्षित है)
11.	हिमाचल प्रदेश सरकार के जन सम्पर्क विभाग की विभागीय मंडली ।	150.00
12.	गीत तथा नाटक प्रभाग की विभागीय नाटक मंडलिया ।	कोई भुगतान निहित नहीं हैं ।

ओबरहोसेन अन्तर्राष्ट्रीय चलचित्र समारोह

5861. **श्री नन्द कुमार सोमानी :**
श्री सु० कु० तापड़िया :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है हाल ही में ओबरहोसेन अन्तर्राष्ट्रीय चलचित्र समारोह हुआ था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि फिल्म समारोह के उपनिदेशक द्वारा मंगाई गई पांच फिल्मों के स्थान पर सरकार ने दो अन्य फिल्में भेजी थीं ; और

(ग) क्या इसके कारण भारतीय फिल्मों को अस्वीकार कर दिया गया था और इस प्रकार विश्व में इस महत्वपूर्ण लघु चलचित्र समारोह में भारत भाग नहीं ले सका ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) ; (क) जी, हां ।

(ख) और (ग). जिन पांच फिल्मों को मंगाया गया था उनमें से एक फिल्म गैरसरकारी निर्माता द्वारा बनाई गई थी । उनको यह अधिकार दे दिया गया था कि फिल्म को प्रविष्ट कर सकते हैं । परन्तु यह फिल्म पूरी नहीं थी इसलिए वह प्रिन्ट नहीं भेज सके । फिल्मों में एक फिल्म पहले ही समारोह में प्रविष्ट की जा चुकी थी और इस प्रतियोगी समारोह में प्रविष्ट नहीं की जा सकती थी । एक और फिल्म प्रविष्ट की गई थी परन्तु समारोह प्राधिकारियों ने इसको स्वीकार नहीं किया । शेष दो फिल्मों को विदेश मन्त्रालय ने विदेशों में दिखाने क लिए मन्जूर नहीं किया और इसलिए वे फिल्में नहीं भेजी गई । तथापि, दो अन्य फिल्में, जिनको मन्त्रालय ने उपयुक्त समझा, प्रविष्ट की गई परन्तु समारोह प्राधिकारियों द्वारा स्वीकार नहीं की गईं ।

जड़ी बूटियां

5862. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिन जड़ी बूटियों का अब तक सर्वेक्षण किया गया है उनके नाम क्या हैं तथा वे सम्भवत: किस प्रयोग में लाई जा सकती हैं ;

(ख) यह अत्यन्त महत्वपूर्ण काम किस संस्था को सौंपा गया था तथा उसका अता-पता क्या है तथा उसने क्या काम किया है ;

(ग) भारत में कौन-कौन सी जड़ी-बूटियाँ वाणिज्यिक आधार पर पैदा की जाती हैं, वे कहां-कहां पर पैदा की जाती हैं, प्रत्येक जड़ी बूटी कितने एकड़ भूमि पर पैदा की जाती हैं तथा गत वर्ष वर्ष-वार में प्रत्येक जड़ी-बूटी कितनी मात्रा में पैदा हुई तथा उसका भूल्य कितना था ; और

(घ) गत वर्ष किन-किन जड़ी बूटियों का निर्यात किया गया तथा उनसे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित हुई ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासहिब शिन्दे) : (क) से (घ). भारत सरकार के विभिन्न विभागों से जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

मन्दिरों, मस्जिदों आदि के डाक-टिकट

5863. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जैसे कोचीन सिनेगांग के मामले में किया गया था उसी प्रकार 1947 से कितने तथा

कौन-कौन से प्राचीन हिन्दू मन्दिरों के डाक-टिकट जारी किये गये तथा वे कितने-कितने मूल्य के हैं और किन-किन तारीखों को जारी किये गये हैं ;

(ख) 1947 से कितनी तथा कौन-कौन सी मुस्लिम मस्जिदों अथवा मुगल शासकों के मकबरों के और कितने-कितने मूल्य के डाक-टिकट जारी किये गये तथा किन-किन तारीखों को ;

(ग) 1947 से कितने तथा किन-किन हिन्दू सन्तों, कवियों तथा अन्य सम्मानित व्यक्तियों के नाम से और कितने-कितने मूल्य के डाक-टिकट जारी किये गये तथा ये किन-किन तारीखों को;

(घ) 1947 से कितने तथा किन मुस्लिम सन्तों, कवियों तथा सम्मानित व्यक्तियों के नाम में और कितने-कितने मूल्य के डाक-टिकट जारी किये गये तथा किन-किन तारीखों को ; और

(ङ) उपर्युक्त के अतिरिक्त कितने तथा किन-किन विषयों पर और कितने-कितने मूल्य के डाक-टिकट जारी किये गये तथा ये किन-किन तारीखों को ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) से (ङ). सूचना संलग्न विवरण-पत्र में मद-वार दी गई है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या** एल० टी० 674/69]

मध्य प्रदेश के पूर्वी निमाड़ तथा होशंगाबाद जिलों में छोटी सिंचाई योजनायें

5864. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के पूर्वी निमाड़ तथा होशंगाबाद जिलों में कितनी तथा कौन-कौन सी छोटी सिंचाई योजनायें केन्द्र की सहायता से क्रियान्वित की जा रही है ;

(ख) उनके कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ;

(ग) उपर्युक्त योजनाओं के लिए चौथी पंचवर्षीय योजना में कितना धन नियत करने का प्रस्ताव है ; और

(घ) क्या सरकार किसी नई योजना पर भी विचार कर रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (घ). जानकारी राज्य सरकार से इकट्ठी की जा रही है और मिलते ही सभा पटल पर रख दी जायेगी।

मध्य प्रदेश को अकालग्रस्त क्षेत्रों में वितरणार्थ मोटे अनाज की सप्लाई

5865. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार राज्य के कुछ अकालग्रस्त क्षेत्रों में वितरण करने के लिए गत तीन वर्षों में मोटा अनाज मांगा था ;

(ख) क्या मांगी गई सारी मात्रा दे दी गई थी ; और

(ग) यदि नहीं, तो मध्य प्रदेश की उस समय की भीषण अकाल की स्थिति को देखते हुए इस छोटी सी मांग को पूरा न किये जाने के क्या कारण थे ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). 1966 तथा 1967 के वर्षों में मध्य प्रदेश सरकार से अकाल-

ग्रस्त क्षेत्रों में वितरण अथवा सामान्य वितरण के लिए विशिष्ट रूप से मोटे अनाजों के लिए कोई मांग प्राप्त नहीं हुई थी। जब गेहूँ की कम मात्रा के स्थान पर माइलो की पेशकश की गयी थी, तब मई, 1966 के अन्त में उन्होंने 25,000 मीटरी टन देने के लिए कहा था और यह मात्रा आवंटित कर दी गयी थी। 1966 तथा 1967 में गेहूँ की कम सप्लाई की पूर्ति के लिए माइलो का और अधिक आवंटन किया गया था हालांकि इसके लिए विशिष्ट रूप से नहीं कहा गया था। दिसम्बर, 1968 में राज्य के अकालग्रस्त क्षेत्रों के लिए 1,300 मीटरी टन आयातित माइलो के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ था। यह अनुरोध पूरा नहीं किया जा सका क्योंकि उस समय केन्द्र के पास आयातित माइलो का स्टाक उपलब्ध नहीं था। 1967 में मध्य प्रदेश के अभाव ग्रस्त क्षेत्रों के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम से प्राप्त के उपहार में से 4,000 मीटरी टन मक्का और यूनिसेफ से प्राप्त उपहार में से 750 मीटरी टन जो आवंटित किया गया था हालांकि राज्य सरकार से इस सम्बन्ध में विशिष्ट रूप से कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ था।

मध्य प्रदेश में नलकूप

5866. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में सिंचाई प्रयोजनार्थ अब तक कुल कितने नलकूप लगाये गये हैं ;

(ख) इस सम्बन्ध में कुल कितना धन व्यय किया गया है ;

(ग) इससे सिंचाई की कितनी क्षमता बढ़ी है ;

(घ) इससे वास्तव में कितने एकड़ भूमि को लाभ पहुंचा है ;

(ङ) कितने नलकूप चालू हालत में हैं तथा कितने नलकूप वास्तव में काम कर रहे हैं ; और

(च) उसमें से कितने नलकूप इस समय खराब पड़े हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (च). मध्य प्रदेश सरकार से जानकारी इकट्टी की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा पटल पर रख दी जायेगी।

मध्य प्रदेश में कम गहरे नलकूप

5867. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने सिंचाई के प्रयोजनार्थ कम गहरे नलकूप लगाने का निर्णय किया है ;

(ख) क्या कम गहरे नलकूप लगाने का निर्णय करने से पहले उस राज्य की सरकार ने भारत के भूतत्वीय सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों की सलाह ली थी और यदि नहीं, तो क्यों ;

(ग) मध्य प्रदेश में आज तक कितने कम गहरे नलकूप लगाये गये हैं ;

(घ) राज्य के प्रत्येक जिले में कितने-कितने नलकूप लगाये गये हैं ;

(ङ) जिलावार कितने एकड़ भूमि को लाभ पहुंचा है ;

(च) कम गहरे कितने नलकूप चालू हालत में हैं तथा वास्तव में कितने काम कर रहे हैं ; और

(छ) इस समय कितने नलकूप खराब पड़े हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां । मध्य प्रदेश सरकार ने भारत के भूतत्वीय सर्वेक्षण से सलाह ली थी ।

(ग) 202 नलकूप जिनमें से 140 सफल हुए हैं फरवरी, 1969 तक खोदे गए हैं ।

(घ) जानकारी इस प्रकार है :

	जिला	कुल खोदे कूप	सफल कूपों की संख्या	चालू कूपों की संख्या
1.	इन्दौर	105	60	23
2.	नरसिंगपुर	4	4	1
3.	सिहोर	16	13	2
4.	होशंगाबाद	41	34	2
5.	सतना	3	1	—
6.	रायसन	33	28	—
	जोड़ :	202	140	28

(ङ) कुछ कूपों से हाल में ही सिंचाई शुरू हो गई है जबकि बाकियों से अभी शुरू होगी इसलिए इस समय लाभ प्राप्त करने वाले क्षेत्र के बारे में अनुमान नहीं लगाये जा सकते ।

(च) अभी तक सारे चालू किये गये 28 नलकूप कार्य करने वाली स्थिति में हैं और वास्तव में कार्य कर रहे हैं ।

(छ) कोई भी नहीं ।

श्रम अधिकारियों की नियुक्ति

5868. **श्री चन्द्र शेखर सिंह** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्रम तथा रोजगार विभाग के अनुरोध पर संघ लोक सेवा आयोग ने वर्ष 1968 में केन्द्रीय पुंज के रिक्त पदों को भरने वाले श्रम अधिकारियों के लगभग 30 पदों को समाप्त कर दिया था ;

(ख) यदि हाँ, तो उसके क्या कारण थे ;

(ग) क्या श्रम तथा रोजगार विभाग द्वारा केन्द्रीय पुंज के अधिकारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने की वर्तमान पद्धति को जारी रखने की बजाय केन्द्रीय पुंज के श्रम अधिकारियों को समूचा प्रशासनिक नियंत्रण का विकेन्द्रीकरण करने की सिफारिश केन्द्रीय श्रम आयुक्त ने की है ;

(घ) यदि हां, तो क्या इस मामले पर अन्य मन्त्रालयों के परामर्श से अन्तिम निर्णय कर लिया गया है ; और

(ङ) क्या श्रम अधिकारियों के रिक्त पदों पर निकट भविष्य में नियुक्तियां की जायेगी ?

श्रम रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ङ). चूंकि डाक और तार बोर्ड के अधीन कार्य करने वाले पूल के कई अधिकारियों के रिवर्ट होने की संभावना के कारण श्रम पूल में प्रत्याशित संख्या तक रिक्त स्थान उपलब्ध होने की आशा नहीं थी, अतएव संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 20 श्रम अधिकारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव जुलाई 1968 में छोड़ दिया गया ।

(ग) और (घ). सरकार को मालूम हुआ है कि राष्ट्रीय श्रम आयोग द्वारा स्थापित केन्द्रीय श्रम प्रशासन सम्बन्धी कार्यकारी दल ने आयोग को भेजी अपनी रिपोर्ट में यह सुझाव दिया है कि प्रत्येक नियोजक मन्त्रालय का जहां तक संभव हो अपना संवर्ग होना चाहिए और पूल के श्रमिक अधिकारियों की प्रबन्ध व्यवस्था का एक अभिन्न अंग माना जाना चाहिये । इन तथा अन्य मामलों के सम्बन्ध में राष्ट्रीय श्रम आयोग की सिफारिशों पर सरकार आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद विचार करेगी ।

प्रबन्ध विकास के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के संकल्प की क्रियान्विति

5869. **श्री चन्द्र शेखर सिंह** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री 21 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1549 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार, प्रबन्ध विकास के सम्बन्ध में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के संकल्प को, जो विशेष रूप से भारत में कर्मचारियों सम्बन्धी नीतियों और प्रथाओं, जो कि अभी अविकसित हैं, के बारे में हैं । क्रियान्वित करने के लिए क्या पग उठाना चाहती है ;

(ख) उक्त प्रयोजनों के लिए कितनी कितनी राशियाँ रखी गई हैं तथा भारत में कर्मचारी प्रबन्ध विकास के लिए क्या कार्यक्रम आरम्भ किये जाने की संभावना है ;

(ग) क्या अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की प्रबन्ध विकास शाखा से कोई वित्तीय या अन्य प्रकार की सहायता भी प्राप्त की जा रही है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (घ) . प्रबन्ध विकास, विशेषतः कार्मिकों की नीतियां और प्रथाओं से संबंधित प्रस्ताव एशियायी प्रादेशिक सम्मेलन (टोकियो, सितम्बर, 1968) में स्वीकार किया गया था । इस प्रस्ताव में इस बात पर जोर दिया गया है कि एशियायी देशों की सरकारें निजी प्रतिष्ठानों को प्रशिक्षण संस्थान खोलने और प्रबन्धकीय कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्य-क्रमों को चलाने के लिए वित्तीय सहायता, कर रियायतें और अन्य प्रोत्साहन देना स्वीकार करें । प्रस्ताव में यह भी सिफारिश की गई है कि एशियायी देश अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के तकनीकी सहयोग कार्यक्रम का लाभ प्रबन्धकीय कर्मचारियों के प्रशिक्षण की योजनाओं के लिए उठाने का प्रयत्न करें ।

एशियायी प्रादेशिक सम्मेलन के छटे अधिवेशन में पास किये गये प्रस्ताव औपचारिक रूप

से अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन से अभी हाल ही में विचार और उचित कार्यवाही के लिए प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के विषय में उचित कार्यवाही का निर्णय करने से पहले इन्हें भी राज्य सरकारों/सम्बन्धित मन्त्रालयों और अन्य संस्थाओं को उनके विचार जानने के लिए भेजना है।

मध्य प्रदेश में छोटी सिंचाई के विकास तथा नये कुओं के लिये केन्द्रीय सहायता

5870. **श्री दे० वि० सिंह** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश सरकार को राज्य में छोटी सिंचाई का विकास करने तथा नये कुएं खोदने के लिए 1966-67, 1967-68 तथा 1969-70 में केन्द्रीय सरकार की ओर से कितनी सहायता दी गई ;

(ख) उस सरकार ने वास्तव में कितने धन का उपयोग किया तथा प्रत्येक वर्ष इन कामों में कितनी प्रगति हुई ; और

(ग) 1969-70 की ऐसी योजनाओं के लिए केन्द्र से कितनी सहायता मांगी गई है तथा उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). मध्य प्रदेश सरकार को 1966-67 और 1967-68 के दौरान लघु सिंचाई के लिए जिसमें नये कुयें खोदने भी सम्मिलित हैं निम्न राशि की सहायता दी गई :

केन्द्र द्वारा दी गई सहायता

वर्ष	ऋण	अनुदान	कुल
1966-67	690.06	51.97	742.03
1967-68	355.80	88.90	444.70
1968-69	370.11	95.53	465.64

1969-70 के लिए राज्य सरकार को लघु सिंचाई कार्यक्रम हेतु 5.00 करोड़ रुपये का अस्थायी परिव्यय स्वीकृत कर दिया गया है और स्वीकार्य केन्द्रीय सहायता की साल के अन्त में मंजूर कर दी जायेगी। 1969-70 के दौरान राज्य सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली मुख्य योजनायें निम्न हैं :

(1) प्रवाह सिंचाई।

(2) भूपृष्ठ जल सिंचाई का सर्वेक्षण और जांच पड़ताल।

(3) राज्य नलकूपों का बोरिंग और उन्हें गहरा करना।

(4) भूमिगत जल का विकास।

(5) गैर सरकारी काम जैसे कि खातकूप, नलकूप, विद्युत पम्पसेट, डीजल पम्प सैट रहट इत्यादि का निर्माण।

(ख) 1966-67 और 1967-68 में राज्य सरकार द्वारा दी गयी वित्तीय सहायता का

वस्तुतः कितना उपयोग किया गया का ज्ञान इन वर्षों में राज्य के व्यय के लेखा परीक्षा द्वारा प्राप्त आंकड़ों के प्रस्तुत होने के उपरान्त ही होगा।

विभिन्न लघु सिंचाई उपायों जिनमें नये कुये खोदने भी सम्मिलित है के फलस्वरूप 1966-67 और 1967-68 के दौरान हुई प्रगति और 1969-70 के लिए निर्धारित लक्ष्य नीचे दिये हुये हैं:

वर्ष	(एकड़ हजारों में) और अतिरिक्त क्षेत्र में प्राप्ति
1966-67	155.95
1967-68	220.00
1968-69	102.69 (प्रत्याशित प्राप्ति)
1969-70	198.25 (लक्ष्य)

मद्रास तथा पांडीचेरी रेडियो स्टेशन

5871. **श्री सुब्रावेलू** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तामिलनाडू के मद्रास, पांडीचेरी, त्रिची और त्रिनुल्वेली रेडियो केन्द्रों से रिले किये गये प्रसारण दिल्ली में नहीं सुने जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या उन केन्द्रों में कमजोर और पुराने ट्रांसमीटरों के प्रयोग किये जाने के कारण ऐसा है ; और

(ग) यदि हां, तो इन त्रुटियों को दूर करने के लिये सरकार क्या पग उठाना चाहती है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) जी हां, । परन्तु मद्रास में शार्टवेव सेवा, जिस पर विविध भारती कार्यक्रम और सीमित रूप में दक्षिण पूर्व एशिया के लिये तमिल में प्रयोगात्मक विदेश सेवा के कार्यक्रम होते हैं, दिल्ली में सुनी जा सकती हैं । तथापि, यह पता नहीं हैं कि लोग इसको सुनते भी है या नहीं ।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

कृषि मूल्य आयोग का प्रतिवेदन

5872. **श्री अविचल** :
श्री शिवचन्द्र झा :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1969-70 के लिये खाद्यान्नों के समाहार मूल्यों के सम्बन्ध में कृषि मूल्य आयोग ने अपना प्रतिवेदन दे दिया है ;

(ख) किन समाहार मूल्यों की सिफारिश की गई है;

(ग) आयोग द्वारा मदवार कितनी वृद्धि अथवा कमी की सिफारिश की गई है तथा इसके लिये क्या कारण दिये गये हैं ;

(घ) आयोग द्वारा प्रत्येक खाद्यान्न के सम्बन्ध में किस-किस समाहार लक्ष्य की सिफारिश की गई है ; और

(ङ) इन सिफारिशों पर सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां। आयोग की सिफारिशें गेहूँ के बारे में हैं।

(ख) और (ग). एक विवरण (1) सभा पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 675/69] आयोग ने 1969-70 के गेहूँ के लिए अपेक्षाकृत कम मूल्यों की सिफारिश की है। उनके विचार में मूल्यों से अधिक उपज देने वाली किस्मों की सफलता, बाजार की वास्तविकता और अनाजों के कुल सरकारी वितरण में गेहूँ के आयात को कम करने की वांछनीयता प्रतिबिम्बित होनी चाहिये।

(घ) गेहूँ के राज्यवार अधिप्राप्ति लक्ष्य बताने वाला एक विवरण (2) सभा पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 675/69]

(ङ) भारत सरकार इस मामले पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

आकाशवाणी का 'स्पाट लाइट' कार्यक्रम

5873. **श्री सुब्रावेलू** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी के 'स्पाट लाइट' कार्यक्रम में दिल्ली से बाहर के पत्रकारों को भी भाग लेने के लिये कहा जाता है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या करण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां।

(ख) सवाल नहीं उठता।

संगीत का राष्ट्रीय कार्यक्रम

5874. **श्री सुब्रावेलु** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी में संगीत के राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिये कलाकारों का चयन किन नियमों के आधार पर किया जाता है ;

(ख) क्या यह चयन किसी समिति द्वारा किया जाता है ; और

(ग) यदि हां, तो समिति के सदस्यों के क्या नाम हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) संगीत के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए कलाकरों का चयन संगीत के क्षेत्र में उनकी योग्यता और साख तथा विशिष्ट कार्यक्रम के लिए उनकी उपयुक्ता के आधार पर किया जाता है।

(ख) जी, नहीं। चयन आकाशवाणी महानिदेशालय की केन्द्रीय संगीत एकक द्वारा किया जाता है।

(ग) सवाल नहीं उठता।

Service Conditions of the Workers of the Sugar Industry

5875. **Shri Ramesh Chandra Vyas :**
Shri Ramchandra Veerappa :

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Study Team constituted by the National Labour Commission for the Sugar Industry has stated in its report that service conditions in that industry are very unsatisfactory ;

(b) whether it is also a fact that the scheme to provide residential houses to the workers of the Sugar Mills at concessional rates has not been implemented ;

(c) if not, the number of workers who have been provided with houses at concessional rates under the aforesaid scheme so far ; and

(d) the steps being taken by Government to construct such houses forthwith for the remaining workers of the Sugar Mills ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) The Report of the Study Team has been submitted to the Nation Commission on Labour. Government is not seized of the matter and will consider it on receipt of the recommendations of the Commission.

(b), to (d). The Subsidised Industrial Housing Scheme, which is in operation, is applicable to workers in sugar mills also whose income does not exceed Rs. 350/- p.m. The Scheme is implemented by the State Governments/housing co-operatives and private employers. Particulars regarding the number of workers of sugar mills provided with houses under the Scheme are not available.

The recommendations of the Conference of Ministers of Housing, Urban Development and Town Planning held in November 1967, that the State Governments should make concerted efforts to persuade industrial employers to build houses for at least 10 per cent of the eligible industrial workers to begin with has been communicated to the State Government for taking appropriate action in the matter.

प्रयोग किये जाने वाले ट्रैक्टर

5876. **श्री सुब्रावेलु** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967-68 में राज्यों में कितने ट्रैक्टर खेतों में प्रयोग में लाये गये थे ;

(ख) क्या सभी राज्यों में सामान्य रूप से तथा तामिल नाडु में विशेष रूप से ट्रैक्टरों का प्रायोग तब से निरन्तर बढ़ता जा रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) अखिल भारतीय पशु गणना के साथ ही पांच वर्षों के पश्चात ट्रैक्टर की गणना

भी की जाती है । 1966 में की गई पिछली गणना के अनुसार देश में 53,966 ट्रैक्टर थे । अगली गणना 1971 में होने की आशा है । अत: 1967-68 के लिये ठीक जानकारी उपलब्ध नहीं है ।

(ख) और (ग). जी हां । 1961 की गणना की तुलना में 1966 में तामिल नाडु सहित सारे देश में ट्रैक्टरों के प्रयोग में काफी वृद्धि हुई है । जानकारी नीचे दी गई है :—

गणना वर्ष	आबादी		वृद्धि की प्रतिशतता	
	अखिल भारतीय	तामिल नाडु	अखिल भारतीय	तामिल नाडु
1961	31,016	1,387	74	136
1966	53,966	3,278		

Rice Allotment to Maharashtra

5877. **Shri Deorao Patil :** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the quantity of rice supplied by the Central Government to Maharashtra in 1968 ;

(b) the quantity of rice demanded by the State Government in that year ;

(c) whether rice is being supplied in smaller quantity in 1969 ; and

(d) if so, the reason, therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) 1.48 lakh tonnes.

(b) 2.00 lakh tonnes.

(c) and (d). It has been decided to maintain the level of monthly supplies at 14,000 tonnes for the present.

दिल्ली में शिक्षित बेरोजगार

5878. **श्री जनार्दनन :** क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय दिल्ली में शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या कितनी है ; और

(ख) उन में मैट्रिक पास, स्नातकों तथा स्नातकोत्तरों की संख्या कितनी-कितनी है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) और (ख). बेरोजगारी के विषय में यथातथ्य जानकारी उपलब्ध नहीं है । *31-12-68 को दिल्ली में नियोजन कार्यालयों के चालू रजिस्टर में दर्ज नौकरी चाहने वाले पढ़े-लिखे उम्मीदवारों की संख्या निम्नलिखित थी :

मैट्रिकुलेट्स (हायर सेकण्डरी और इंटरमीडिएट समेत)	52,166
स्नातक	14,190
स्नातकोत्तर	196
कुल योग	66,552

*प्रत्येक वर्ष जून तथा दिसम्बर के अन्त में आकड़े एकत्र किये जाते हैं ।

गुजरात को चावल का नियतन

5879. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि।

(क) गत एक वर्ष में गुजरात के लिये कितने चावल का नियतन किया गया है ;

(ख) उक्त अवधि में कुल कितना चावल सप्लाई किया गया ; और

(ग) यदि सप्लाई में कुछ कमी रही है तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) ; (क) पिछले एक वर्ष में मार्च, 1968 से फरवरी, 1969 तक गुजरात को चावल की आवंटित की गई मात्रा 43.0 हजार मीटरी टन थी।

(ख) उस अवधि में चावल की सप्लाई की गई मात्रा 43.4 मीटरी टन थी।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

गुजरात में कृषि विकास कार्यक्रम

5880. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात की चौथी पंचवर्षीय योजना के लिये प्रस्तावित कुल धनराशि में से कितना धन कृषि विकास कार्यक्रम पर खर्च करने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या इस बात को देखते हुए कि गुजरात के कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ता है तथा चौथी पंचवर्षीय योजना में उस राज्य को खाद्यान्न के मामले में आत्म निर्भर बनाने के लिये क्या सरकार का विचार गुजरात में कृषि के विकास के लिये कोई विशेष योजनाएं बनाने का है ; और

(ग) यदि हां, तो इन योजनाओं का स्वरूप क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). चतुर्थ पंचवर्षीय योजना तैयारी की अग्रवर्ती अवस्था में है और राष्ट्रीय विकास परिषद की आगामी बैठक के पश्चात इसे अन्तिम रूप दिये जाने की आशा है। विभिन्न राज्यों में खाद्यान्नों के उत्पादन के लिये अपनाये जाने वाले मुख्य उपायों में अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम, बहु फसल, सघन खेती के लिये लघु सिंचाई, उर्वरक और कीट नाशक औषधियों जैसे आपानों का संगठित उपबन्ध, संस्थानिक वित्त सहित समय पर एवं उदार ऋण सुविधाएं, कृषकों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण और अनुसंधान की तीव्रता सम्मिलित हैं। गुजरात राज्य के लिये कार्यक्रमों के ब्यौरे, चतुर्थ पंच वर्षीय योजना को अन्तिम रूप दिये जाने के बाद ज्ञात होंगे।

गुजरात में कृषि भूमि का कटाव

5881. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में नर्मदा नदी से लगी हुई कृषि भूमि का निरन्तर कटाव रोकने तथा पहले ही कटी हुई भूमि को पुन: प्राप्त करने हेतु केन्द्रीय सहायता से कोई कार्यवाही की जा रही है ; और

(ख) यदि हां, तो किस प्रकार की कार्यवाही की जा रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). कृषि भूमि और साथ ही साथ मनी और नर्मदा नदियों के साथ कोटर भूमि के धीरे धीरे भू-क्षरण को रोकने के लिये गुजरात में राज्य योजना के अधीन विस्तृत भू संरक्षण कार्यक्रम अपनाये गये हैं । ये कार्य बन, भूमि संरक्षण, कोटार भूमि और अन्य क्षारीय भूमि को कृषि योग्य बनाने की विभिन्न योजनाओं के अधीन किये जा रहे हैं । पहली तीन योजनाओं की अवधि में भूमि संरक्षण कार्यक्रम (कंटर बांध बनाना) के क्षेत्र में 5 लाख हैकटेयर भूमि का क्षेत्र लाया गया और 1966-67 से 1968-69 तक तीन वार्षिक योजनाओं में इस क्षेत्र में लगभग 3 लाख हैक्टेयर अतिरिक्त भूमि लाये जाने की संभावना है । कंटूर बांध बनाना, नालों को बन्द करना, टैरोसिंग और लैवालिंग कोटार और खर भूमि को कृषि योग्य बनाना आदि भूमि संरक्षण कार्यक्रमों के लिये तीसरी योजना में केन्द्रीय सहायता का प्रतिमान 75 प्रतिशत ऋण और 25 प्रतिशत अनुदान था (जिसमें केन्द्र और राज्य का भाग बराबर बराबर होगा) और 1967-68 के पश्चात 60 प्रतिशत ऋण और 15 प्रतिशत अनुदान है ।

गुजरात में मछली पकड़ने के बन्दरगाह

5882. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने चौथी पंचवर्षीय योजना में उस राज्य में मछली पकड़ने के बन्दरगाहों के सुधार और निर्माण के लिये एक प्रस्ताव पेश किया है ;

(ख) क्या सरकार ने उस प्रस्ताव की जांच कर ली है ; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या निर्णय किया गया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). चौथी योजना 1969-74 के लिये कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है । फरवरी, 1966 में गुजरात सरकार से पांच बन्दरगाहों के विकास के लिये और अतिरिक्त बन्दरगाहों पर काम करने के लिये इकट्ठी व्यवस्था करने के लिये एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ । इन प्रस्तावों का गुजरात सरकार के परामर्श के साथ परीक्षण किया गया और 1966-67 1967-68 और 1968-69 की वार्षिक योजना के अधीन इन प्रयोजनाओं पर विचार किया गया । 9 बन्दरगाहों पर तट पर खड़े होने और ठहरने की सुविधाओं पर कार्य शुरू किया गया और इस कार्य की

उन्नति निम्न सारिणी में दिखाई गई है :—

बन्दरगाह का नाम	जारी की गई प्रशासनिक मंजूरी (लाखों में)	जारी की गई अदायगी की मंजूरी (लाखों में)		
		1966-67	1967-68	1968-69
1. बरेवल	4.70	0.30	0.155	3.325
2. नवबुन्दर	0.61	—	0.060	0.030
3. जफ्राबाद	0.41	0.30	3.110	—
4. अंवरगांव	1.42	0.40	0.300	0.720
5. पोरबन्दर	2.24	0.03	0.830	1 374
6. कोलक	0.10	0.10	—	—
7. उमरसादी	0.50	—	—	0.500
8. मंगरोल	0.22	—	—	0.220
	13.20	1.13	1.455	6.169

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पदों के लिए विज्ञापन

5883. **श्री गाडिलिंगन गौड :** क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पंजाब राज्यों में सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों ने वर्ष 1968 में रोजगार कार्यालयों के जरिये कितने पदों के विज्ञापन दिये ; और

(ख) इस अवधि में रोजगार कार्यालयों के जरिये उक्त उपक्रमों में कितने पदों पर नियुक्ति की गई ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के पद नियोजन कार्यालयों के माध्यम से विज्ञापित नहीं किये जाते हैं। तथापि 1968 के दौरान केन्द्रीय सरकार के अधीन सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों द्वारा नियोजन कार्यालयों को सूचित तथा उनकी सहायता से भरे गये रिक्त स्थानों की संख्या निम्नलिखित थी।

राज्य	सूचित रिक्त स्थानों की संख्या	भरे गये रिक्त स्थानों की संख्या
आन्ध्र प्रदेश	2,561	1,375
उत्तर प्रदेश	745	421
पंजाब	2,424	801

भारतीय खाद्य निगम के गोदामों/कार्यालयों का किराया

5884. **श्री गाडिलिंगन गौड :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खाद्य निगम द्वारा विभिन्न राज्यों में, राज्यवार, विभिन्न कार्यालयों तथा गोदामों के लिये कितना वार्षिक किराया दिया जा रहा है ; और

(ख) किराया पर होने वाले व्यय को कम करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) भारतीय खाद्य निगम द्वारा विभिन्न राज्यों में, राज्यवार, विभिन्न कार्यालयों तथा गोदामों के लिये दिये जा रहे औसत वार्षिक किराये को बताने वाला एक विवरण (31-3-1969 की स्थिति) सभा पटल पर रखा जाता है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 676/69]**

(ख) कार्यालयों/गोदामों के लिये स्थान उचित किराये पर तभी लिये जाते हैं जब बहुत ही आवश्यक हो और उसी समय तक रखे जाते हैं जब उनकी वास्तविक आवश्यकता हो । जब कभी लाभदायक होता है, निगम स्वयं अपने स्थानों का निर्माण कर लेता है अथवा सीधी खरीद द्वारा अभिग्रहण कर लेता है । किराये पर होने वाले खर्चे को कम से कम करने की आवश्यकता को हमेशा ध्यान में रखा जाता है ।

श्रमिकों का प्रशिक्षण

5885. **श्री गाडिलिंगन गौड :** क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार कर्मचारियों को उनके अधिकार और उत्तरदायित्व तथा उनसे सम्बन्धित श्रम कानूनों के बारे में प्रशिक्षण देने का है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). यह सन् 1958 में बनाई गई श्रमिक शिक्षा योजना के द्वारा पहले ही किया जा रहा है । यह योजना केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा, जो कि त्रिपक्षीय निकाय है, प्रशासित और क्रियान्वित की जाती है । बोर्ड ने सभी महत्वपूर्ण औद्योगिक केन्द्रों के श्रमिकों को प्रशिक्षित करने के लिए 30 प्रादेशिक और 81 उप-प्रादेशिक केन्द्र स्थापित किये हैं । अब तक 15,477 श्रमिक-अध्यापकों तथा 8,33,589 श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है ।

Supply of Foodgrains to States

5886. **Shri Ram Swarup Vidyarthi :** **Kumari Kamala Kumari :**
Shri Om Prakash Tyagi : **Shri Narain Swarup Sharma :**
Shri Bal Raj Madhok :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 582 on the 14th November, 1968 and state :

(a) the names of the States to which foodgrains have been supplied from the Central

reserves under public distribution system and the quantity of foodgrains supplied to each State ;

(b) whether it is a fact that some States have complained that foodgrains were not made available to them according to their needs ; and

(c) if so, the action being taken to remove the said complaints ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) A statement showing the quantity of foodgrains supplied to each State from the Central Pool during 1968 is attached.

(b) Some of the States did complain that supplies of foodgrains from the Central Pool were not adequate.

(c) With the limited availability of foodgrains with the Centre, it is not possible to meet in full the demands of all the States. The foodgrains available with the Centre are distributed among the deficit States as equitably as possible.

STATEMENT

(In '000 tonnes)

	State	Quantities actually supplied
1.	Andhra Pradesh	126
2.	Assam	213
3.	Bihar	506
4.	Gujarat	454
5.	Haryana	40
6.	Jammu & Kashmir	70
7.	Kerala	1013
8.	Madhya Pradesh	110
9,	Maharashtra	1516
10.	Mysore	281
11.	Nagaland	19
12.	Orissa	181
13.	Punjab	90
14.	Rajasthan	119
15.	Tamil Nadu	285
16.	Uttar Pradesh	282
17.	West Bengal	1546
18.	Others	714
	Total	7625

विविध भारती के कार्य-संचालन के सम्बन्ध में जाँच

5887. **श्री जार्ज फरनेन्डीज** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्राल इण्डिया रेडियो ब्राडकास्टर्ज एण्ड टेलिकास्टर्ज गिल्ड ने उनके मंत्रालय से

अभ्यावेदन किया है जिसमें विविध भारती के कार्यसंचालन के सम्बन्ध में जांच करने की मांग की गई है ;

(ख) यदि हां, तो उस अभ्यावेदन में क्या बातें की गई हैं ; और

(ग) क्या इस मामले में जांच के लिये एक समिति स्थापित करने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां ।

(ख) यह आरोप लगाया गया है कि विविध भारती यूनिट के अधिकारियों द्वारा कुछ स्टाफ आर्टिस्टों को तंग किया जाता है ।

(ग) समिति गठित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, परन्तु आकाशवाणी महानिदेशालय के एक अधिकारी इस मामले की जांच करने के लिए पहले ही कह दिया गया है ।

Sinking of Tube Wells in Drought stricken areas of U.P.

5888. **Shri Ram Swarup Vidyarthi :**
Shri Om Prakash Tyagi :
Shri Bal Raj Madhok :
Kumari Kamala Kumari :
Shri Narain Swarup Sharma :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 91 on the 14th November, 1968 and state :

(a) the target now fixed for the energisation of the private tube wells in drought-stricken areas of these eight districts of U.P. ;

(b) the amount of loans advanced to farmers during the financial year 1968-69 by Land Mortgage Banks, Agricultural Refinance Corporation and Agro Industries Corporation respectively for sinking private tube-wells in drough stricken districts ; and

(c) the rules for obtaining loans from these banks and corporations ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Communnity Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a), (b) and (b). The Government of Uttar Pradesh has been requested to furnish the requisite information. It will be laid on the Table of the Sabha as soon as it is received from the State Government.

Cow Slaughter

5889. **Shri Shri Gopal Saboo :**
Shri Onkar Singh :
Shri Kanwar Lal Gupta :
Shri Sharda Nand :
Shri J. B. Singh :
Shri Bansh Narain Singh :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the names of the States where cow slaughter has been completely banned, the States where cow slaughter has been partially banned and also the States where there is no ban on Cow slaughter, separately ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : A Statement giving the required information is attached.

STATEMENT

I. States/U.Ts. which have completely prohibited cow slaughter.

S. No.	States	S. No.	Union Territories
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	Bihar	(1)	Andaman & Nicobar Islands.
(2)	Gujarat	(2)	Chandigarh
(3)	Haryana	(3)	Delhi
(4)	Jammu & Kashmir	(4)	Dadra & Nagar Haveli
(5)	Madhya Pradesh	(5)	Pondicherry
(6)	Maharashtra (in Vidharba Region)		
(7)	Mysore		
(8)	Orissa		
(9)	Punjab		
(10)	Rajasthan		
(11)	Uttar Pradesh		

II. State which have partially prohibitcd cow slaughter.

S. No.	States
(1)	Andhra Pradesh (in Telengana Region)
(2)	Assam
(3)	Maharashtra (in the former Bombay State)
(4)	Madras
(5)	West Bengal

III. States/U.Ts. which have not prohibited cow slaughter.

S. No.	States	S. No.	Union Territories
(1)	*Kerala	(1)	Laccadives Islands
(2)	Nagaland	(2)	Goa, Daman & Diu.

Notes : 1. *Although no legislation has been enacted in Kerala, yet as per Kerala Panchayat (Slaughter Houses and Meat Stalls) Rules 1964, no certificate for slaughter under rule 8 in respect of cow, is granted, unless the examining authority for reasons to be recorded in writing, is of opinion that (a) animal is over 10 years of age and is unfit for work and breeding or (b) the animal has become permanently incapacitated for work or breeding due to injury or deformity.

2. In Himachal Pradesh, Section 43 of Punjab Laws Act, 1872, has been made applicable according to which slaughter of king cannot take place except subject to rules to be framed from time to time, either general or in any particular instance, as prescribed by the State Government. The Government of Himachal Pradesh have informed the Government of India that the religious beliefs of the people provide protection to cows. The Himachal Pradesh Government have stated that to give legal protection, the provisions of Section 43 of of Punjab Laws Act, 1872 as applicable to Himachal Pradesh seems to be adequate.

3. In Tripura, according to an executive order issued in the year 1296 of the Tripura Era by the Maharaja of Tripura the cow slaughter is banned.

4. There is no legislation in Manipur banning cow slaughter, but in pursuance of a resolution issued by the erstwhile Manipur Darbar in 1936, cattle are not slaughtered in Manipur Valley.

Land Acquisition in States

5890. Shri Molahu Prashad : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to refer to the reply given to parts (a) and (b) of Unstarred Question No. 4290 on the 12th December, 1968 and state :

(a) whether information from the State Governments has been collected ; and

(b) if so, the details thereof and if not, the reasons for delay ?

The Minister of state in the Ministry of food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) **and** (b) : The information asked by the Honourable Member in Unstarred Question No. 4290 has to be collected by the State Governments practically in respect of every village. As it relates to matters of detail it will take a long time. Efforts are being made to collect the information as far as possible.

इण्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज लिमिटेड

5891. **श्री प्रेम चन्द वर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड की अधिकृत और प्रदत्त पूंजी स्थापना के समय कितनी थी और 31 मार्च, 1968 को कितनी थी ;

(ख) 31 मार्च, 1968 को इस कम्पनी को केन्द्रीय सरकार, बैंकों अथवा अन्य लोगों को अलग अलग कितना ऋण देना था ;

(ग) गत तीन वर्षों में कम्पनी ने ब्याज के रूप में कितना धन दिया ,

(घ) गत तीन वर्षों में इसके कार्य के क्या परिणाम हैं, इसको कितना लाभ तथा हानि हुई है और यदि हानि हुई है, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) 1968-69 के बारे में क्या अनुमान है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) से (ङ). अपेक्षित सूचना प्रदान करन वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये** संख्या एल० टी० 677/69]

माइलो के लिये दिया गया मूल्य

5892. **श्री कामेश्वर सिंह :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री 14 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 574 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा अमरीका को माइलो के मूल्य और उसके भाड़े के रूप में कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है ; और

(ख) सरकार ने संयुक्त अरब गणराज्य को माइलो बेच कर कितनी हानि उठाई ?

खाद्य, कृषि, समुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) स्वेज नहर में रूके "आब्जर्वर" जलपोत में लदी माइलो का मूल्य 1,525,193.60

डालर दिया गया था। जहाज़ की रवानगी पर, जहाज़ मालिकों को लगभग 705 हजार डालर भाड़े के रूप में दिये गये थे जिसमें भारत सरकार की दायिता लगभग 165.5 हजार डालर की थी।

(ख) "आब्ज़र्वर" जलपोत पर लदी माइलो के लिए संयुक्त अरब गणराज्य सरकार द्वारा 30.00 डालर प्रति टन का तयशुदा मूल्य देने से भारत सरकार का अनुमानत: 868.7 हज़ार डालर की हानि होती है।

अन्नपूर्णा जलपान गृह के भवन में नया जलपान गृह

5893. **श्री सीताराम केसरी : खाद्य तथा कृषि** मन्त्री 21 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1603 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली में भूतपूर्व अन्नपूर्णा जलपान गृह के भवन में एक नया जलपान गृह खोला गया था ; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार नये जलपान गृह को कोई सहायता दे रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हाँ।

(ख) सरकार जलपान गृह चलाने के लिए कोई सहायता नहीं दे रही है लेकिन सरकार ने खाने की आदतें बदलने सम्बन्धी समिति को 11,000 रुपये का एक अनुदान मंजूर किया है। इससे खाने की आदतें बदलने के अभियान के अन्तर्गत प्रशिक्षण गठित करने के लिए अत्यावश्यक उपकरण खरीदे जाएंगे।

Procurement of gram by Food Corporation of India

5894. Shri Meetha Lal Meena : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the quantity of gram procured by the Food Corporation of India from Rajasthan during 1967-68 and the average price thereof ;

(b) the places where the said gram was sent from Rajasthan alongwith its quantity and the prices at which it was sold ; and

(c) the profit earned or the loss suffered by the Food Corporation of India on account of this transaction in Rajasthan during 1967-68 ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) About 46 thousand tonnes of gram and dal at the average price of Rs. 75.59 per quintal :

(b) A statement showing the names of States and the quantity of gram/gram dal sent from Rajasthan is laid on the table of the House (*Placed in Library. See* No. LT-678/69) The average selling price of gram/gram dal was Rs. 86.63 per quintal.

(c) The trading results of the Corporation are compiled on all-India basis in respect of all transactions and not on regional basis since by the very nature of the operations of the Corporation, purchases and sales transactions are mostly inter-regional.

Seizure of Transmitters from Secunderabad

5895. Shri Hukam Chand Kachwai : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some transmitters were seizured by the police from a pawn shop in Mahakali area of Secunderabad ;

(b) whether Government feel that these were being used for spying purposes against India by some other country ; and

(c) the number of persons arrested in this connection and the action taken against them ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) Yes, Sir.

(b) According to the information received from the State Goverment, there is no evidence to suggest that the transmitters were being used for such illegal purposes as espionage.

(c) According to the information furnished by the State Government three persons have been charge-sheeted under section 6(1)(a) of the Indian Wireless Telegraphy Act.

खाद्यान्न का उत्पादन

5896. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं, जिन्होंने गत वर्ष की तुलना में वर्ष 1968 में अधिक खाद्यान्न का उत्पादन किया है ;

(ख) क्या उपर्युक्त (क) भाग में बताये गये उत्पादन में वृद्धि अधिक एकड़ भूमि में फसलें बोने के कारण हुई है अथवा फसलें अधिक अच्छी होने के कारण ऐसा हुआ है ; और यदि बाद वाली स्थिति है, तो वे उपाय कौन से हैं जिनको अधिक उत्पादन करने का श्रेय प्राप्त है, और

(ग) जिन राज्यों में उत्पादन कम हुआ है, उनमें उत्पादन को बढ़ाने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) 1967-68 के दौरान, खाद्यान्नों के उत्पादन में 1966-67 की अपेक्षा निम्नलिखित राज्यों में वृद्धि पायी गयी :—

1. असम	2. बिहार
3. गुजरात	4. हरियाणा
5. केरल	6. मध्य प्रदेश
7. महाराष्ट्र	8. मैसूर
9. पंजाब	10. राजस्थान
11. तमिल नाडु	17. उत्तर प्रदेश
13. पश्चिम बंगाल	

(ख) उपरोक्त राज्यों में उत्पादन में वृद्धि, क्षेत्र में वृद्धि और उपज में वृद्धि के कारण भी थी । विभिन्न राज्यों में प्रति हैक्टेयर उपजों के विषय में प्रतिशत वृद्धियां क्षेत्र द्वारा प्रदर्शित

प्रतिशत वृद्धियों से प्रायः ऊंची थी। प्रवर्धित उपजें अधिकांशतः 1966-67 से अपनायी हुई कृषि विकास की नीति के अन्तर्गत किये हुये विभिन्न विकासीय उपायों के कारण थीं।

(ग) समस्त राज्यों में कृषि विकास की नई नीति के अन्तर्गत, खाद्यान्नों के उत्पादन को बढ़ाने के लिये कार्यक्रमों को एक उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इन कार्यक्रमों में अधिक उपज देने वाली किस्मों की खेती, बहुफसल, सघन खेती के लिये लघु सिंचाई, उर्वरक और कीट-नाशक औषधि जैसे आदानों का संगठित उपबन्ध संस्थानिक वित्त सहित समय पर और उदार ऋण सुविधायें, कृषकों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण और अनुसंधान की तीव्रता सम्मिलित है। [उत्तर के साथ संलग्न विवरण **पुस्तकालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 679/69]

उर्वरकों और कीटनाशी दवाइयों पर कर तथा शुल्क

5897. **श्री बे० कृ० दास चौधरी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे **कि :**

(क) क्या उर्वरकों तथा कीटनाशी दवाइयों पर सरकार द्वारा लगाये गये विभिन्न करों और शुल्कों के कारण कृषि उत्पादन की लागत बढ़ गई है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उर्वरकों की उत्पादन लागत को घटाने के लिये सरकार का क्या कार्य-वाही करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) (i) **उर्वरक**

जी हाँ, जहां तक कि किसान उर्वरकों को प्रयोग में लाते हैं, उन्हें अब थोड़ी सी ज्यादा कीमत भी इस आदान के लिए देनी पड़ सकती है।

(ii) **कीटनाशक औषधियां**

1969-70 के वित्तीय विधेयक में कीटनाशक औषधियों पर अतिरिक्त महसूल (कर तथा शुल्क) लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। अतः कीटनाशक औषधियों के मूल्यों के कारण, कृषि सम्बन्धी उत्पादन-लागत के बढ़ने का प्रश्न नहीं होता।

आगे यह भी बताया जा सकता है कि पिछले वर्ष 10 प्रतिशत के रियायती शुल्क पर दी जाने वाली कीटनाशक औषधियों की सूची को काफी बढ़ाया गया है। इसके अतिरिक्त कीटनाशक औषधियां बनाने के लिए वांछनीय कच्चे माल की सूची को 10 प्रतिशत की रियायती शुल्क का अधिकारी बनाया गया यदि निर्माणकर्त्ता उसके उत्पादन के लिए प्रयोग में लाये जाने के लिए तकनीकी विकास के महानिदेशक से प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। इससे कीटनाशक औषधियों की कीमतों को उचित स्तर पर बनाये रखने में काफी सहायता मिली है।

(ख) यह आशा की जाती है कि यदि आधुनिकतम तरीकों को अपना कर बड़े पैमाने पर उर्वरक एककों को स्थापित किया जाये, तो देश में उत्पादित उर्वरकों के मूल्य कम हो जायेंगे और साथ ही साथ आयातित महंगे उर्वरकों पर निर्भरता भी कम हो जायेगी।

वर्गीकृत ऊन का निर्यात

5898. श्री ओंकार लाल बेरवा : श्री चेंगलराया नायडू :
श्री नि० रं० लास्कर : श्री बे० कृ० दासचौधरी :
श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशों में भारतीय वर्गीकृत ऊन की मांग बढ़ती जा रही है और भारत द्वारा ऊन के निर्यात से अधिक विदेशी मुद्रा कमाये जाने की सम्भावना बढ़ गई है ;

(ख) यदि हाँ, तो क्या ऐसा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और खाद्य तथा कृषि संगठन से सहायता प्राप्त योजनाओं के परिणामस्वरूप हुआ है ;

(ग) यदि हां, तो 1968 में कुल कितनी ऊन का निर्यात किया गया और उससे कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई ; और

(घ) वर्ष 1969 में कितनी ऊन निर्यात किये जाने की सम्भावना है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां।

(ख) अनुकूल निर्यात क्षमता निर्यात की जाने वाली ऊन के अनिवार्य वर्गीकरण के कारण हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और खाद्य एवं कृषि संगठन सहायता से राजस्थान में आरम्भ किए गए भेड़ की ऊन कुतरने, ऊन की दर्जाबन्दी करने और विपणन संबंधी कार्यक्रम भी इसमें सहायक सिद्ध हुये हैं।

(ग) 1967-68 में 5.77 करोड़ रुपये के मूल्य की 95 लाख किलोग्राम कच्ची ऊन निर्यात की गई। अप्रैल से दिसम्बर 68 तक 3.72 करोड़ रुपये के मूल्य की 66 लाख किलो ग्राम ऊन का निर्यात किया गया।

(घ) 1969 में निर्यात की जाने वाली कच्ची ऊन की सम्भावित मात्रा का अनुमान अभी नहीं लगाया जा सकता। निर्यात, विदेशी बाजारों में कच्ची ऊन के एकक-मूल्य, दूसरे ऊन उत्पादन करने वाले देशों की प्रतिस्पर्धा और कृत्रिम रेशों द्वारा ऊन के प्रतिस्थापन आदि कई बातों पर निर्भर करता है।

उड़ीसा में लघु सिंचाई

5899. श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1968-69 के लिये उड़ीसा में लघु सिंचाई के लिए 150 लाख रुपये का परिव्यय स्वीकार किया गया था ;

(ख) यदि हाँ, तो इसमें सम्मलित विभिन्न परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन परियोजनाओं को तैयार करने के कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है ; और

(घ) उड़ीसा सरकार को वर्ष 1968-69 में इस कार्य के लिये भूमि बंधक बैंकों, कृषि

पुनर्वित्त निगम, सहकारी बैंकों तथा कृषि उद्योग निगम आदि योजनेतर क्षेत्र के अभिकरणों से कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई थी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) उड़ीसा की सरकार ने 1968-69 की अवधि में इस कार्यक्रम के लिये 130.00 लाख रुपये के बजट का उपबन्ध किया है जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

(क) **ग्रामीण इंजीनियरी संगठन की योजनायें**	
(1) बहाव सिंचाई योजना	81.00 लाख रु०
(2) सर्वेक्षण तथा जांच	14.00 लाख रु०
(ख) **उठाव सिंचाई निदेशालय की योजनायें**	
(1) गहरे नलकूपों का निर्माण	4.00 लाख रु०
(2) उथले नलकूपों का निर्माण	3.00 लाख रु०
(3) नदी पम्पिंग एककें	17.00 लाख रु०
(4) चलती फिरती पम्पिंग एककें	2.00 लाख रु०
(5) भूमिगत जल सर्वेक्षण	4.00 लाख रु०
(6) जांच	3.00 लाख रु०
(7) औजार तथा उपकरण	2.00 लाख रु०
	कुल 130.00 लाख रु०

(ग) और (घ). राज्य सरकार से जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रखे दी जायेगी ।

डिब्रूगढ़ (आसाम) के लिये 100 किलोवाट ट्रांसमिटर

5900. **श्री बे० कृ० दासचौधरी** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नेफा-क्षेत्र और आसाम के उत्तरी भाग में आकाशवाणी से प्रसारणों की स्थिति सुधारने के लिये आसाम में डिब्रूगढ़ में 100 किलोवाट का ट्रांसमिटर लगाने का कोई निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो वह ट्रांसमिटर कब लगाया जायेगा ; और

(ग) उस पर कितना धन खर्च होने का अनुमान है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख). जी, हां । ट्रांसमिटर 15 फरवरी, 1969 से चालू हो चुका है ;

(ग) लगभग 36 लाख रुपये ।

मछियारों को मोटर-चालित नावें देने में विलम्ब

5901. **डा० म० सन्तोषम्** : क्या खाद तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मोटर चालित नावें खरीद कर आधुनिक तरीके से गहरे समुद्र में मछलियां पकड़ने का कार्य करने के इच्छुक बहुत से मछियारों को मोटर-चालित नावें खरीद कर उनकी सप्लाई करने में विलम्ब करने के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या सरकार को इस समस्या को हल कर लेने की आशा है ; और

(ग) यदि हाँ, तो कैसे तथा कब ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) मोटर से चलने वाली नावें किराया-खरीद के आधार पर मछियारों को दी जाती हैं। इस कार्यक्रम को चलाने के लिये आर्थिक सहायता तथा ऋण दिए जाते है और उन संसाधनों को जो इस कार्य के लिए वितरित किए जा सकते हैं ध्यान में रखते हुए प्रत्येक राज्य के लिए यह कार्यक्रम तैयार किया जाता है।

(ख) तथा (ग). चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान, संस्थानात्मक धन से इस कार्यक्रम के लिए और अधिक सहायता दी जाने की सम्भावना है। कृषि पुनर्वित्तीय निगम द्वारा धन देने के लिए कई योजनाओं पर विचार किया जा रहा है। तीन योजनायें, दो मैसूर में और एक तमिल नाडु में, जिन को 146.80 लाख रुपया की ऋण के रूप में सहायता दी जायगी, पहले ही स्वीकृत कर दी गई हैं। चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान समुद्रीय डीजल इंजनों की पूर्वानुमानित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देशीय क्षमता को पर्याप्त रूप में विकसित किया जा रहा है।

अखिल भारतीय पशु-चिकित्सा परिषद्

5902. **डा० म० सन्तोषम्** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अखिल भारतीय चिकित्सा परिषद् जैसी तथा वैसे ही उद्देश्यों को लेकर एक अखिल भारतीय पशु-चिकित्सा परिषद् बनाने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो इसमें अत्यधिक बिलम्ब के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं होता।

पश्चिम बंगाल में छंटनी की घटनाओं पर विचार करने के लिये एक त्रिपक्षीय व्यवस्था

5903. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या श्रम तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छंटनी की घटनाओं पर विचार करने के लिये पश्चिम बंगाल में अभी हाल ही में एक त्रिपक्षीय व्यवस्था स्थापित की गई है ;

(ख) यदि हां, तो उन केन्द्रीय कार्मिक संघों के नाम क्या हैं जिनका इस व्यवस्था में प्रतिनिधित्व है ;

(ग) इस व्यवस्था के क्या कृत्य हैं ;

(घ) यह व्यवस्था किस प्रकार निर्णय लेगी ; और

(ङ) इस व्यवस्था को क्या अधिकार प्राप्त हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ङ). यह मामला राज्य के क्षेत्राधिकार में आता है ।

खाद्यानों का उत्पादन, वसूली तथा वितरण

5904. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967-68 और 1968-69 में देश में प्रत्येक राज्य में खाद्यान्नों के उत्पादन के, अनाजवार, अन्तिम प्राक्कलन क्या हैं ;

(ख) वर्ष 1967-68 और 1968-69 में देश में राज्यवार कितने कितने मीटरी टन अनाज की वसूली तथा वितरण किया गया ;

(ग) वर्ष 1967-68 और 1968-69 में कितने तथा कितने मूल्य के अनाज का आयात किया गया ;

(घ) वर्ष 1969-70 के लिए अनाज का उत्पादन लक्ष्य क्या निर्धारित किया गया है ; और

(ङ) वर्ष 1960-70 में कितना अनाज आयात करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) कृषि वर्ष 1967-68 में प्रत्येक राज्य में खाद्यान्नों की पैदावार के अन्तिम अनुमान बताने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है (अनुबन्ध—1)। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 680/69] कृषि वर्ष 1968-69 के इसी प्रकार के अनुमान अभी उपलब्ध नहीं है ।

(ख) 1967-68 और 1968-69 (फरवरी, 1969 तक) के वित्तीय वर्षों में देश में अधिप्राप्त किए गए खाद्यान्नों की मात्रा और सरकारी माध्यमों से देसी तथा आयातित दोनों वितरित किए गए खाद्यान्नों की मात्रा बताने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है (अनुबन्ध 2)। [**पुस्तकालयमें रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 680/69] । मार्च, 1969 के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं है।

(ग)

वर्ष	आयातित मात्रा (लाख मीटरी टन में)	अनुमानित लागत तथा भाड़ा मूल्य (करोड़ रुपयों में)
1967-68	81·92	503·1
1968-69	48·61	313·8
(फरवरी, 1969 तक)		

(घ) 1969-70 के लिए खाद्यान्न पैदावार के लक्ष्य को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

(ङ) 1969-70 में लगभग 52 लाख मीटरी टैन खाद्यान्न आयात करने का विचार है।

आकाशवाणी के दैनिक कार्यक्रम में परिवर्तन

5905. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के दैनिक कार्यक्रम में यदि कोई परिवर्तन किया गया है तो क्या है ; और

(ख) इन परिवर्तनों से श्रोताओं को क्या और कितना लाभ होने की आशा है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) एक विवरण, जिनमें 1967, 1968 और 1969 के दौरान आकाशवाणी के दैनिक कार्यक्रमों में दिए गए कुछ मुख्य परिवर्तन दिए गए हैं, संलग्न है।

(ख) इन परिवर्तनों से श्रोताओं को अच्छे तथा अधिक उपयोगी और विविध कार्यक्रमों के द्वारा लाभ होने की आशा है।

विवरण

(1) दिसम्बर, 1967 में आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों में वित्तीय कठिनाइयों के कारण प्रसारण के समय में जो कमी की गई थी उसे अधिकांश केन्द्रों में बहाल कर दिया गया है।

(2) सुबह के मुख्य हिन्दी तथा तथा अंग्रेजी समाचार बुलेटिनों तथा शाम के मुख्य हिन्दी बुलेटिन के समय 8-12-1968 से बदल दिये गये हैं और आकाशवाणी के सभी केन्द्रों द्वारा इनका रिले किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।

(3) ऊपर (2) में परिवर्तन के परिणाम स्वरूप "Today in Parliament," "संसद समीक्षा," Radio News Reel," और समाचार दर्शन जैसे कार्यक्रमों का समय बदल दिया गया है।

(4) अक्तूबर, 1967 से दो समाचार बुलेटिन सिन्धी में प्रसारित किये जाते हैं।

(5) "राष्ट्रीय चर्चा कार्यक्रम" चर्चा कार्यक्रम तथा रेडियो प्रेस सम्मेलन "साम्पिकी" कार्यक्रमों का प्रसारित किया जाना।

(6) कृषि कार्यक्रमों तथा परिवार नियोजन कार्यक्रमों का गहन किया जाना।

(7) कलकत्ता, मद्रास और दिल्ली से व्यापारिक प्रसारण।

(8) भक्ति संगीत कार्यक्रमों को नया रुख दिया जाना।

(9) जून, 1968 से युवक कार्यक्रमों में वृद्धि।

(10) राष्ट्रीय एकता कार्यक्रमों पर अधिक बल दिया जाना।

उड़ीसा को रासायनिक खाद की सप्लाई

5906. **श्री श्रद्धाकार सूपकार :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1968 में उड़ीसा राज्य को रासायनिक खाद की कुल कितनी मात्रा सप्लाई की गई ; और

(ख) यह पिछले वर्षों की सप्लाई की तुलना में कितनी है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) 1968-69 की प्रथम तिमाही अप्रैल-जून के लिये केन्द्रीय उर्वरक पूल से राज्य सरकार को 13,372 मीटरी टन नाइट्रोजनीय उर्वरकों का नीयतन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है :

यूरिया	2530 मीटरी टन
कैलशियम अमोनियम नाईट्रेट	9755 ,, ,,
डाई अमोनियम फोसफेट	1087 ,, ,,

परन्तु राज्य सरकार ने इस नियतन को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया और यह इच्छा व्यक्त की कि वे बाकी वर्ष के लिये अपनी जरूरतों का पुनरीक्षण करने के पश्चात् सूचना देंगी। चूंकि राज्य सरकार से केन्द्रीय पूल से नियतन के लिये कोई प्रार्थना प्राप्त नहीं हुई इसलिये बाद की तिमाई में कोई नीयतन नहीं किया गया। इस सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि राज्य सरकार ने रूड़केला उर्वरक प्लान्ट के साथ उस के 80 प्रतिशत खुले कोटे को पाँच साल के लिये खरीदने का समझौता किया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों में केन्द्रीय पूल ने उड़ीसा राज्य को जो रासायनिक उर्वरक सप्लाई किया है आंकड़े नीचे सारणी में दिये गये हैं :—

सारणी

	आंकड़े मीटरी टनों में		
उर्वरक की किस्म	1966-67	1967-68 में की गई सप्लाई	1968-69
सलफेट आप अमोनिया	19,567	8,562	—
यूरिया	4,559	616	—
कैलशियम अमोनियम नाईट्रेट	31,390	22,371	—
अमोनियम फासफेट	11,447	—	—
डाई आमोनियम फासफेट	12,841	4,163	—

Telephones at the Panchayat Samiti Headquarters in Rajasthan

5907. Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether Government had decided to provide telephones at the headquarters of each Panchayat Samiti ;

(b) if so, whether telephones have been provided at the head-quarters of all the Panchayat Samitis in Rajasthan ;

(c) if not, the reasons therefor ;

(d) the names of the panchayats which have not so far been provided with telephones; and

(e) the time by which they are likely to be provided with telephones ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) No, Sir. Telephones are normally provided in rural areas when the schemes are remunerative. To provide telephone facilities in undeveloped areas, Govt. has approved of a policy which permits installation of telephones in rural areas on limited loss basis if the places have certain importance from the point of view of administration, population, pilgrimage tourism and agricultural and irrigation projects or if the place is a very remote locality. However, provision of telephones at the Headquarters of Panchayat Samitis as such on loss basis is not covered by the existing policy.

(b) and (c) As indicated above, the Headquarters of Panchayat Samitis are not covered by the existing policy for provision of telephones. However, based on the existing policy, telephone facilities have already been provided at 195 Panchayat Samiti Headquarter stations in Rajasthan out of a total of 232 stations. At 22 other stations indicated at (d)(i) below, telephone facilities have been sanctioned and are to be provided progressively. For the remaining 15 places, telephones have not been sanctioned as these are not covered by the existing policy. The schemes for these 15 stations where telephones have not been sanctioned have been examined and found to be unremunerative. The telephones at these places can, however, be provided on guarantee basis if some interested party is willing to indemnify the loss to the Department.

(d) (i) Names of 22 Panchayat Samiti headquarter stations in Rajasthan where telephone facilities have been sanctioned but are not yet provided are—Pisangaon, Srinagar, Shahbad, Dag, Baani, Talera, Talwara, Bhukia, Bichhiwara, Kotra, Khamnor, Reni, Umrain, Nimrana, Bairath, Dhod, Piprali, Uniara, Buhana, Baitu, Balesar, Riyan.

(ii) Names of 15 Panchayat Samiti Headquarter stations where telephone facilities have not been sanctioned due to proposals being unremunerative are : Bhinai, Rohat, Itawa, Sultanpur, Manoharthana, Pipal Hunt, Bhensrorgarh, Girwa, Dhariawad, Badgaon, Alsisar, Dharimand, Sindhri, Seila, Jaswantpura.

(e) Telephone facilities will be provided progressively to those Panchayat Samiti Headquarters where proposals have been sanctioned as mentioned at (d)(i) above. These will be provided as soon as stores required for them become available.

Installation of New Automatic Exchanges in States

5908. Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have drawn up a scheme to install eight new automatic telephone exchanges in some of the States ; and

(b) if so, the names of the places where these exchanges are proposed to be installed, State-wise ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) Yes, Sir.

(b) The names of places where main automatic telephone exchanges are proposed to be installed during 1969-70 in the various states are given in the Statement attached. In addition a number of small automatic exchanges are also proposed in various places in the country based on availability of equipment and remunerativeness of the Schemes.

STATEMENT

List of Main Auto Exchanges to be Installed in 1969-70

State	Town
Assam	shillong
Andhra	Guntur
Bihar	1) Rajendra Nagar (Patna) 2) Ranchi
Kerala	Ernakulam
Maharashtra	1) Gamdevi (Bombay) 2) Itwari (Nagpur)
Madhya Pradesh	Indore-II
Delhi	Okhla
Mysore	Mysore.

Import of Mobile Television Van for Republic Day

5909. **Shri Onkar Lal Berwa** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it a fact that the Central Government have imported a mobile television van for the Republic Day ;

(b) if so, the cost thereof ;

(c) the justification for import especially at a time when the country is facing foreign exchange crisis ; and

(d) the name of the country from where it was imported ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Yes, Sir. The mobile television camera van is intended for coverage of outdoor events. Republic Day parade was one of the events covered by it.

(b) Rs. 23,06,211/- with foreign exchange component of Rs. 16,63,755.

(c) This is considered an essential equipment for a television station. It is needed for simultaneous telecasting of outdoor events. Since this equipment is not manufactured in India, it had to be imported from abroad.

(d) Holland.

Films Exempted from Entertainment Tax

5910. **Shri Deven Sen** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the number of films exempted from entertainment tax during 1967-68 by Government ;

(b) their names and the names of their producers ;

(c) the basis on which this was done in each case ; and

(d) whether such films included those also which have been produced with grants given by the Film Finance Corporation and if so, the number thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) to (d). Entertainment tax is a State subject. Information is being collected and will be laid on the Table of the House in due course.

Public Call Offices in Swai Madhopur District (Rajasthan)

5911. **Shri Meetha Lal Meena** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state ;

(a) whether it is fact that the proposal to instal public Call Offices in Khirni, Malarna Choud, Malarna Doongar, Bharwatgarh etc. towns in Swai Madhopur district of Bharatpur division of Rajasthan has been accepted ;

(b) if so, when the work is expected to be completed in this regard ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) Opening of a Public Call Office at Malarna Dungar has been senctioned. The proposals to open Public Call Office at Khirni, Malarna Choud and Bhagwatgarh have not been approved.

(b) The works for opening the Public Call Office at Malarna Dungar will be taken up during the year 1969-70 after receipt of necessary materials.

(c) The proposals to open Public Call Offices at Khirni, Malarna Choud and Bhagwatgarh are unremunerative and these public call offices can be opened only on rent and guarantee basis if some interested party is willing to indemnify the loss separately in each case.

Telephone Exchange at Lalsot (Jaipur)

5912. **Shri Meetha Lal Meena** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communication** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 3305 on the 5th December, 1968 and state :

(a) whether Government have since taken a final decision on the scheme to open a Telephone Exchange in Lalsot town (Jaipur, Rajasthan) ;

(b) if so, the time by which the exchange is likely to be opened there ;

(c) if not, the reasons therefor ; and

(d) the difficulty being experienced by Government in this regard.

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) Yes, Sir.

(b) The exchange is expected to be opened during 1969-70 subject to the demand noted being paid by the intending subscribers.

(c) Does not arise.

(d) Does not arise.

Working of Consumers Stores

5913. **Shri Ramavatar Shastri :**
Shri Yashwant Singh Kushwah :
Shri Jyotirmoy Basu :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a programme for setting up multi-departmental consumers

stores was launched in 1966 after devaluation in order to exert regulator impact on expendable merchandise and check the trend of rising prices of essential commodities ;

(b) if so, the state-wise number of such stores ;

(c) whether this has helped the realisation of these objectives in any way ;

(d) if so, the abjectives achived and the extent thereof ;

(e) whether these stores are giving profit or loss ; and

(f) the details of annual extent thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri M. S. Gurupadaswamy) : (a) Yes, Sir.

(b) A statement showing the number of department stores in operation, state-wise, is enclosed.

(c) Yes.

(d) The department stores fulfil the purpose for which they were set up, by selling consumer goods at reasonable prices, maintaining quality, adopting healthy trade practices and generally acting as a check on prices of essential consumer goods ; the extent of impact made by the stores individually varies.

(e) Out of 38 department stores operating during the year 1966-67.

(f) 23 were in profit and the rest in loss. The position for the year 1967-68 is not yet available and would be known after the accounts are audited. The extent of profit or varies from store to store and from year to year.

Statement

Sl. No.	State/Union Territory	No. of department stores in operation
1.	Andhra Pradesh	4
2.	Assam	1
3.	Bihar	5
4.	Gujrat	3
5.	Haryana	1
6.	Jammu & Kashmir	2
7.	Karala	9
8.	Madhya Pradesh	5
9.	Tamil Nadu	8
10.	Maharashtra	7
11.	Mysore	10
12.	Orissa	1
13.	Punjab	3
14.	Rajasthan	3
15.	Uttar Pradesh	5
16.	West Bengal	3
17.	Delhi	4
18.	Chandigarh	1
	Total	75

बेकार भूमि को कृषि योग्य बनाना और भूमिहीन खेतीहर श्रमिकों का पुनर्स्थापन

5914. **श्री शशि भूषण** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बेकार भूमि को कृषि योग्य बनाने और भूमिहीन खेतिहर श्रमिकों के पुनर्स्थापन की योजना को चौथी पंचवर्षीय योजना की केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं में सम्मिलित करने का सरकार का विचार है ; और

(ख) क्या उक्त योजना तीसरी पंचवर्षीय योजना में शामिल की गई थी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). तीसरी पंचवर्षीय योजना में केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के अन्तर्गत बेकार भूमि को खेती योग्य बनाने और भूमिहीन खेतिहर श्रमिकों के पुनर्स्थापन की योजना स्वीकृत की गई थी । तीसरी पंचवर्षीय योजना के बाद इस योजना का कार्य वर्ष प्रतिवर्ष के आधार पर जारी रखा गया । यह स्थिति 31 मार्च, 1969 तक थी ।

राष्ट्रीय विकास परिषद् ने मई, 1968 में हुई अपनी बैठक में यह निर्णय किया था कि केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं पर राष्ट्रीय विकास परिषद् की समिति द्वारा विचार किया जाना चाहिए । उस समिति ने सितम्बर, 1968 में हुई अपनी बैठक में केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं की सूची अन्तिम रूप से अनुमोदित कर दी थी । इस निर्णय के अनुसार बेकार भूमि को खेती योग्य बनाने तथा भूमिहीन खेतिहर श्रमिकों के पुनर्स्थापन की योजना अप्रैल, 1969 से राज्य के क्षेत्र में हस्तांतरित हो गई है ।

S. C. & S. T. Employees Working A. I. R. Stations in Madhya Pradesh

5915. **Shri G. C. Dixit** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communication** be pleased to state the number of clerks and Class IV employees belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes working in A.I.R. Stations in Madhya Pradesh ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) :

No. of Scheduled Cast Employees :	Clerks	11
	Class IV Staff	31
	Total	42
No. of Scheduled Tribe Employees :	Clerks	5
	Class IV Staff	12
	Total	17

कृषि इंजीनियरों की रोजगार स्थिति

5916. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में कृषि के क्षेत्र में हुई वर्तमान प्रगति से कृषि इंजीनियरों की रोजगार स्थिति में सुधार हुआ है ;

(ख) क्या वर्तमान स्थिति का पता लगाने के लिये कोई मूल्यांकन किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो मूल्यांकन का क्या परिणाम निकला ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) कृषि के क्षेत्र में हुई प्रगति से सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में कृषि इंजीनियरों की रोजगार स्थिति में सुधार होने की सम्भावना है ;

(ख) उपरोक्त स्थिति का व्यापक मूल्यांकन अभी नहीं किया गया है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं होता ।

कृषि इन्जीनियरों की सेवाओं का उपयोग

5917. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय कृषि इंजीनियर संस्था ने अपनी पन्त नगर में हुई हाल ही की बैठक में यह सुझाव दिया था कि खेती उपकरणों को किराए पर देने तथा उनकी मरम्मत करने सम्बन्धी लाभप्रद परियोजनाओं में कृषि इंजीनियरों को लगाया जाना चाहिए और कृषि उद्योग निगम, भारतीय खाद्य खाद्य निगम जैसी संस्थाओं और उद्योग को अनुसंधान योजनाएं आरंभ करनी चाहिये जिससे कृषि इंजीनियरों को उनमें भाग लेने के अच्छे अवसर मिल सकें ;

(ख) क्या खेती उपकरणों सम्बन्धी अनुसंधान परियोजनाओं में कृषि इंजीनियरों के प्रशिक्षण के लिए वर्तमान सुविधाएं पर्याप्त हैं ; और

(ग) क्या ऊपर भाग (क) में दिए गए सुझाव पर विचार किया गया है और यदि हां, तो क्या कृषि इंजीनियरों को अच्छे अवसर देने के लिए सरकार का विचार निकट भविष्य में कोई योजना बनाने का है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां, किन्तु बैठक को अधिकृत कार्यवाही की प्रतीक्षा है ।

(ख) खेती उपकरण सम्बन्धी अनुसंधान परियोजनाओं में कृषि इंजीनियरों के प्रशिक्षण के लिए वर्तमान सुविधायें सीमित हैं ।

(ग) संस्था की अधिकृत कार्यवाही की प्राप्ति के उपरान्त (क) में दिए गए प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। कृषि इंजीनियरी के प्रशिक्षण संबंधी पहलू पर आगामी कृषि शिक्षा विषयक अधिवेशन में विचार किया जाएगा ।

पश्चिम बंगाल में नेशनल शूगर मिल्स, अहमदपुर की मशीनें

5918. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फरवरी, 1968 से फरवरी, 1969 की अवधि में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन के दौरान अहमदपुर स्थित नेशनल शूगर मिल्स की कुछ मशीनें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा कुछ व्यक्तियों अथवा फर्मों को बेची गई थीं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण थे ;

(ग) ये मशीनें किस मूल्य पर खरीदी गई थीं और किस मूल्य पर बेची गई ; और

(घ) उन व्यक्तियों तथा फर्मों के नाम क्या है जिन्हें ये मशीनरी बेची गयी थी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (घ). पश्चिमी बंगाल की राज्य सरकार ने सूचित किया है कि नेशनल शुगर मिल्स, अहमदपुर की कुछ सम्पत्ति, जो कि राज्य सरकार के पास बंधक थी, को 3 फरवरी, 1969 को सरकारी नीलामी के लिए रखा गया था । क्योंकि आरक्षित मूल्य की दृष्टि से बोली को मंजूर नहीं किया गया था, इसलिए नीलामी बन्द कर दी गई थी ।

राज्य सरकार के पास बंधक मशीनरी/सम्पत्ति के खरीद मूल्य के बारे में कोई जानकारी नहीं है ।

राज्यों में आटे की मिलों का कार्य-संचालन

5919. **श्रीमती ज्योत्सना चन्दा** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चिदम्बरम समिति की सिफारिशों के अनुसार, आटा पीसने की क्षमता के निर्धारण के लिए उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत पंजीयत न हुई हरियाणा, राजस्थान, बिहार तथा पश्चिमी बंगाल की आटा मिलों को मानक एकक नहीं माना जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इन मिलों को उनकी क्षमता के अनुसार चलाना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही किए जाने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठते ।

संसद सदस्यों को दिल्ली में कृषि योग्य भूमि का आवंटन

5920. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या संसद सदस्यों को दिल्ली तथा उसके आस-पास कृषि योग्य भूमि आवंटित करने की सरकार ने कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका आवंटन कब से आरम्भ किये जाने की सम्भावना है ; और

(ग) यदि कोई योजना तैयार नहीं की गई है, तो उसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) दिल्ली प्रशासय ने संसद सदस्यों को दिल्ली या उसके आसपास कृषि भूमि आवंटित करने की कोई योजना नहीं बनाई है और न हीं कोई ऐसी योजना सरकार के विचाराधीन है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) दिल्ली प्रशासन के पास दिल्ली में कोई भी ऐसी भूमि उपलब्ध नहीं है जो कि संसद सदस्यों को कृषि कार्यों के लिए आवंटित की जा सके ग्रामीण क्षेत्रों में जो कि कृषि योग्य परती भूमि उपलब्ध है, उस पर गांव पंचायतों का अधिकार है और केवल पंचायती राज अधिनियम, 1959 तथा दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार वह व्यक्ति की पात्रता को देख कर पट्टे पर आवंटित की जा सकती है ।

यूरोपीय साझा बाजार के देशों द्वारा खाद्य सहायता

5921. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि यूरोपीय साझा बाजार के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की हाल में ब्रसल्स में एक बैठक हुई थी और उन्होंने 15 से अधिक देशों को खाद्य सहायता देने का निर्णय किया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या सहायता प्राप्त करने वाले देशों की सूची में भारत का नाम शामिल है ; और

(ग) यदि हां, तो किस किस्म की खाद्य सहायता प्राप्त होने की सम्भावना है ; और किन शर्तों पर ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) खाद्य सहायता की विस्तृत शर्तों तथा मात्रा को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है । आशा है कि खाद्य सहायता अनुदान के रूप में होगी और वह जहाज तक निःशुल्क गेहूँ के रूप में सप्लाई की जाएगी लेकिन भाड़ा प्राप्तकर्त्ता देश को वहन करना होगा ।

Non-delivery of letter from Editor of "Searchlight" to State Governor

5922. Shri Ramavatar Shastri : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether the attention of Government has been invited to the report published in "Searchlight" an English daily of Patna, in its issue dated the 5th March, 1969 that a letter sent to the State Governor by the Editor of this newspaper was returned to him undelivered; and

(b) if so, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department Communications (Sh. Sher Singh) : (a) Yes, But the inland letter was meant for an addressee served by the Bihar Governor's Camp P.O. and not for the Governor himself.

(b) Owing to oversight the sorting postman mistook the sender's address on the inland letter for the addressee's and mis-sorted it into the post Box of 'Search Light'. Suitable action is being taken to see that such mistakes do not occur.

बम्बई में तैयार की गई फिल्में

5923. **श्री जुगल मंडल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री 11 दिसंबर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4199 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बम्बई फिल्म उद्योग द्वारा निर्मित फिल्मों के सम्बन्ध में अपेक्षित जानकारी इस बीच एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त अवधि के दौरान इन फिल्म निर्माताओं को कोई विदेशी मुद्रा दी गई है ;

(ग) प्रत्येक निर्माता को कितनी राशि दी गई है ; और क्या उनके द्वारा इस विदेशी मुद्रा का पूरा उपयोग किया गया है ; और

(घ) यदि नहीं, तो प्रत्येक निर्माता के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) एक विवरण जिसमें अपेक्षित जानकारी दी हुई है, सदन की मेज पर रख दिया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया देखिये**। संख्या एल० टी० 681/69]

(ख), (ग) और (घ). सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

बंगाली चलचित्रों को मनोरंजन कर से छूट

5924. **श्री जुगल मंडल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री 18 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5028 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बंगाली-चलचित्रों को मनोरंजन कर से छूट दिये जाने के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र की जा चुकी है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उनके नाम क्या हैं और छूट दिये जाने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां। सिवाए तमिलनाडु के जिसका उत्तर प्रतीक्षित है, शेष सभी राज्यों से जानकारी एकत्र कर ली गई है।

(ख) एक विवरण सदन की मेज पर रख दिया गया है।

विवरण

फिल्म का नाम	छूट के कारण
1. श्री कैलाश मानसरोवर	शिक्षा प्रदान करने की दृष्टि से चित्र का बड़ा महत्व है।
2. राजाराम मोहन	ये चित्र देश के दो महान सपूतों के जीवन

3.	सुभाष चन्द्र	इतिहास है, शिक्षा प्रद है तथा राष्ट्रीय जीवन में बड़े महत्व के हैं।
4.	चरन कवि मुकन्ददास	इस चित्र में उस महान देश भक्त के जीवन की झांकी है जिसने स्वन्त्रता के संदेश को फैलाया।
5.	विद्यासागर	एक महान देश भक्त की जीवन कहानी पर असाधारण चित्र

कलकत्ता चलचित्रों के सम्बन्ध में मनोरंजन कर की छूट

5925. **श्री जुगल मंडल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले तीन वर्षों में कलकत्ता चलचित्र उद्योग द्वारा निर्मित किसी चलचित्र को मनोरंजन कर की छूट दी गई है और यदि हां, तो उन चलचित्रों के नाम क्या हैं जिनको उक्त अवधि में मनोरंजन कर से छूट दी गई है और उन चलचित्र निर्माताओं के नाम क्या हैं जिन्होंने उन चलचित्रों का निर्माण किया तथा उनको मनोरंजन कर से छूट दिये जाने के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या उक्त अवधि में चलचित्र वित्त निगम द्वारा कलकत्ता चलचित्र निर्माताओं को कोई ऋण दिया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो ऐसे चलचित्रों और उनके निर्माताओं के नाम क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क), (ख) और (ग). एक विवरण सदन की मेज पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) गत तीन वर्षों में मनोरंजन कर से मुक्त बंगाली चलचित्रों के नाम

	फिल्म का नाम	निर्माता का नाम	छूट देने के कारण
1.	राजाराम मोहन	मैसर्स ए० के० वी०	ये चित्र देश के दो महान
2.	सुभाष चन्द्र	फिल्मूज कलकत्ता	सपूतों के जीवन इतिहास हैं, शिक्षाप्रद हैं तथा राष्ट्रीय जीवन में बड़ा महत्व रखते हैं।
3.	चरनकवि मुकन्ददास	फिल्म क्लैसिन्स, कलकत्ता	इस चित्र में उस महान देश-भक्त के जीवन की झांकी है जिसने स्वतन्त्रता के संदेश को फैलाया।
4.	विद्यासागर	बताया नहीं गया है	एक महान देश भक्त की जीवन कहानी पर आधारित असाधारण चित्र

(ख) और (ग) कलकत्ता के उन फिल्म निर्माताओं के नाम जिनको फिल्मों के लिये फिल्म वित्त आयोग द्वारा ऋण दिया गया है ।

	निर्माता का नाम	चित्र का नाम
1.	आर० डी० बी० एंड कम्पनी	नायक
2.	फिल्म क्राफ्ट पी० लिमिटेड	पंचेश्वर
3.	सुधीर मुकर्जी	कालंकज
4.	पूर्णिमा पिक्चर्ज	गूपी गारन बागा बारन

मद्रास में निर्मित फिल्में

5926. **श्री जुगल मंडल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री 11 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4098 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास में निर्मित फिल्मों के बारे में अपेक्षित जानकारी इस बीच प्राप्त कर ली गई है ।

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त अवधि में फिल्म वित्त निगम ने मद्रास के फिल्म निर्माताओं को कोई ऋण दिया हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उन फिल्मों और उनके निर्माताओं के नाम क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ग). अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण दी गई है ।

(ख) फिल्म वित्त निगम ने 1966-67 में मैसर्स रूप रेखा को 'जन्मभूमि' (मलयालम) फिल्म के लिये 2,00,000 रुपये का तथा 1967-68 में मैसर्स जयकुमार पिक्चर्स, मद्रास के श्री एम. लक्ष्मीपति को कडाबुल थान्टा सेलवम् (तमिल) फिल्म के लिये 2,43,000 रुपये का ऋण स्वीकृत किया । उपयुक्त दो स्वीकृत ऋणों के अनुसार फिल्म वित्त निगम ने 1967-68 में मैसर्स रूप रेखा को 1, 50,590/ –रुपये तथा 1968-69 में श्री एम. लक्ष्मीपति को 67,020/ – रुपये दे दिये हैं ।

विवरण

मद्रास फिल्म उद्योग द्वारा निर्मित उन फिल्मों की सूची जिन्हें भारत में पिछले पांच वर्षों में मनोरंजन कर से छूट दी गई

	चित्र का नाम	निर्माता का नाम
1.	वीर सुन्दरम	हिमाचल फिल्मज
2.	आदम किरंगल	चित्र सागर
3.	ओल्लाथुमथी	माठजी पिक्चर्ज
4.	अस्व मेधम	सुप्रिय पिक्चर्ज

5. अनुराधा	श्री पण्डूरंगा प्रोडक्शन्ज
6. वेमीन	मनमनी फिल्मूज
7. विद्यार्थी	गनेश प्रोडक्शन्ज
8. बाबूनेक रबा सत्थम जयम	नहीं बताया गया ।
9. उन्नईपाल ओसवन	आसिया जोठी फिल्मूज
10. वीर पण्डिया महा भोमन	पदमिनि पिक्चर्ज
11. सरवर सुन्दरम	ए० वी० एम० स्टूडियोज
12. विवाद बन्धम	मरानी पिक्चर्ज
13. काडीलिम्मा नेरामिल्ले	चित्रालय
14. अरिवली	ए० टी० के० प्रोडक्शन्ज
15. पूम पुदार	मेकाला पिक्चर्ज
16. अन्नथिन अचे	पैरगौन पिक्चर्ज
17. असाई मुगम	मोहन प्रोडक्शन्ज
18. कांची थालाई वन	मेकाला पिक्चर्ज
19. अन्दा नाल	ए० वी० एम० स्टूडिपोज
20. ताल तुंगल तिरक्काप्पाडम	विश्व भारती
21. एडीरिगल टक्की राधे	मोडर्न थियेटर्ज लिमिटेड
22. कोवुला गोपन्ना	राज्यम प्रोडक्शन्ज
23. अलथारा	नीला प्रोडक्शन्ज
24. पुथरी	

फिल्मी गीतों पर प्रतिबन्ध

5927. **श्री जुगल मंडल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री 11 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4174 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा फिल्मी गीतों पर प्रतिबन्ध लगाने के सम्बन्ध में जानकारी इस बीच एकत्र की जा चुकी है ; और

(ख) यदि हैं, तो उन फिल्मों के नाम पृथक-पृथक क्या हैं जिनके गीतों पर विभिन्न राज्यों में प्रतिबन्ध लगाया गया है और उन पर प्रतिबन्ध लगाने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हाँ ।

(ख) राज्य सरकारों ने किसी फिल्म गीत पर पाबन्दी नहीं लगाई है ।

पायरेला द्वारा खराब किया गया गेहूँ

5928. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष देश में पायरेला कीड़े द्वारा कितना तथा कितने मूल्य का गेहूँ खराब किया गया ; और

(ख) इस कीड़े द्वारा की जाने वाली क्षति को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). 1967-68 की अवधि में गेहूँ की खेती पर पायरेला का कोई आक्रमण नहीं हुआ । जहां तक 1968-69 की गेहूँ की मौजूदा फसल का प्रश्न है, केन्द्रीय तथा राज्यों के तकनीकी क्रमिकों ने गन्ने की फसलों से गेहूँ के खेतों पर पायरेला के कीटों के प्रभाव का पता लगाने के लिए हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में सामयिक सर्वेक्षण शुरू किये गये और प्रभावित क्षेत्रों में भूमि तथा वायुयान द्वारा उस पर नियन्त्रण पाने के लिये कदम उठाये गये तथा कीटनाशक औषधियों से कुल 7.04 लाख एकड़ भूमि में गेहूं की फसल का उपचार किया गया। कीट पर सफलता पूर्वक नियन्त्रण कर लिया गया है । इन राज्यों में फसल को कोई प्रत्यक्ष हानि पहुंचने के बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है ।

बम्बई सर्कल में अतिरिक्त तार निदेशक

5929. **श्री देव राव पाटिल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सर्कल आफिस, बम्बई में 29 नवम्बर, 1968 से तार निदेशक का एक अतिरिक्त पद बनाया गया है ;

(ख) क्या इन दोनों में से, एक को मराठवाड़ा और विदर्भ टेलीग्राफ ट्रेफिक तथा इंजीनियरिंग डिवीजन सौंपे गये हैं जिसका कार्यालय बम्बई में होगा ; और

(ग) उसका कार्यालय नागपुर में न बनाकर बम्बई में बनाने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) एक मुख्यतः मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्रों और आंशिक रूप से महाराष्ट्र क्षेत्र का इन्चार्ज है । दूसरा पूर्णतः महाराष्ट्र क्षेत्र का इंचार्ज है ।

(ग) तार निदेशक दूर-संचार यूनिटों के प्रशासन में पोस्टमास्टर जरनल की सहायता करता है । महाराष्ट्र के पोस्टमाटर जनरल का कार्यालय बम्बई में स्थित होने के कारण तार निदेशक भी वहीं स्थित हैं ।

राज्यों को चीनी का नियतन

5930. **श्री हुकम चन्द कछवाय** :
श्री नाथूराम अहिरवार :
श्री नीतिराज सिंह चौधरी :
श्री दे० वि० सिंह :
श्री राम सिंह पयरवाल :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक तिमाही में विभिन्न राज्यों/प्रशासनों को कुल कितनी चीनी का नियतन किया गया और प्रति व्यक्ति कितनी चीनी उपलब्ध की गई ;

(ख) क्या अप्रैल 1967, जून 1967 और दिसम्बर 1967 में सभी राज्यों/प्रशासनों के के कोटों में कटौती की गई थी और फरवरी 1969 में वृद्धि की गई थी ;

(ग) यदि हाँ, तो किन मार्गदर्शी सिद्धांनों के आधार पर यह कटौती/वृद्धि की गई थी ; और

(घ) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि भारत में मध्य प्रदेश की जनता की क्रय-शक्ति सबसे कम है और उस राज्य की जनसंख्या को उपयुक्त महत्व देकर क्या भारत सरकार उस राज्य के वसूली कोटे में वृद्धि करने के लिए तैयार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) गत तीन वर्षों में अर्थात पहली अप्रैल, 1966 से 31 मार्च, 1969 तक प्रत्येक तिमाही में विभिन्न राज्यों की जितनी चीनी की कुल मात्रा (त्यौहारों के कोटे आदि सहित) आवंटित की गई थी तथा प्रति व्यक्ति जितनी चीनी उपलब्ध थी, उसको बताने वाले तीन विवरण सभा पटल पर रखे जाते हैं। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 682/69]

(ख) राज्य आदि के मासिक कोटे को मार्च, मई तथा नवम्बर, 1967 में कम कर क्रमशः 1.87, 1.57 तथा 1.00 लाख मीटरी टन कर दिया गया था। जनवरी 1969 से इन कोटों को बढ़ा कर 1.26 लाख मीटरी टन कर दिया गया था।

(ग) कोटे सामान्यतः अनुपातिक आधार पर कम किये गये थे। तथापि, जनवरी, 1969 से की गयी वृद्धि को राज्यों में उनकी जनसंख्या के आधार पर वितरित किया गया था।

(घ) शुरू में सितम्बर, 1961 में समाप्त हुई पिछली नियंत्रण अवधि के अन्तिम छः महीनों में राज्यों द्वारा कुल वास्तविक खरीद के आधार पर मासिक कोटे निर्धारित किये गये थे। तदुपरान्त समय समय पर सामान्यतः एक रूपता तथा नियंत्रित विवरण हेतु चीनी की उपलब्धि के आधार पर कोटे में घट-बढ़ की जाती रही है। सामान्यतः परिस्थितियों के आधार पर किसी विशिष्ट राज्य का कोटा बढ़ाने की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा सकता है।

चौथी पंचवर्षीय योजना में नये तारघर

5931. **श्री मंगलाथुमाडोम** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि में कितने नये तारघर खोलने का प्रस्ताव है ; और

(ख) केरल राज्य में कितने तारघर खोलने का प्रस्ताव है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) चौथी पंचवर्षीय योजना में पूरे देश में 2400 नये तारघर खोलने का प्रस्ताव है।

(ख) केरल राज्य में चौथी योजना में लगभग 100 तारघर खोलने का प्रस्ताव है।

केरल में कारखाना श्रमिकों के लिये बोनस आयोग की नियुक्ति

5932. **श्री मंगलाथुमाडोम** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल में कारखाना श्रमिकों को बोनस सम्बन्धी कुछ अधिकारों से हाल में वंचित रखा गया है ;

(ख) क्या कारखाना श्रम के समूचे प्रश्न पर विचार करने के लिए सरकार का विचार एक बोनस आयोग नियुक्त करने का विचार है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) केन्द्रीय सरकार के पास इस सम्बन्ध में कोई सूचना नहीं है ।

(ख) भारत सरकार ने दिसम्बर, 1961 में एक बोनस आयोग नियुक्त किया । आयोग ने जनवरी, 1964 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी और उसकी सिफारिशों को कुछ संशोधनों सहित स्वीकार कर लिया गया । और बोनस आयोग नियुक्त करने का कोई विचार नहीं है ।

आकाशवाणी केन्द्र, शेरतलाई, केरल

5933. **श्री मंगलाथुमाडोम** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या केरल राज्य में "शेरतलाई" में आकाशवाणी का एक केन्द्र स्थापित करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां, ट्रांसमीटर लगाने के लिये ।

(ख) एलप्पी-शेरतलाई रोड पर शेरतलाई के दक्षिण में 13 कि० मी० पर स्थित एक स्थान का सर्वेक्षण करने के परिणामस्वरूप इस मन्त्रालय ने उच्चशक्ति के एक मिडियम वेव ट्रांसमीटर को स्थापित करने के लिये 13.25 हैक्टर भूमि का चयन और अधिग्रहण किया है । भवन-निर्माण करने के लिए स्वीकृति दे दी गई है और भवनों के तैयार हो जाने पर उपकरण लगा दिये जायेंगे । त्रिचुर के स्टूडियो को इस ट्रांसमीटर से जोड़ दिया जायेगा ।

रेलवे के श्रमिकों/कुलियों की दशा

5934. **श्री मंगलाथुमाडोम** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे मजदूरों/कुलियों को, जहां तक न्यूनतम सुविधाओं का सम्बन्ध है, तथा उनका समुचित अंश नहीं दिया गया है ;

(ख) क्या कुलियों की स्थिति के बारे में उनके मंत्रालय ने जो समिति नियुक्त की थी, उसने कोई अन्तरिम प्रतिवेदन दिया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसमें क्या सिफारिशें की गई हैं और उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) शायद माननीय सदस्य का आशय लाइसेंस प्राप्त पोर्टरों से है । वे रेलवे कर्मचारी नहीं हैं बल्कि लाइसेंस प्राप्त व्यक्ति हैं जो मुसाफिरों का सामान तथा अन्य वस्तुएं रेलवे परिसरों में रेलवे के डिब्बों से इधर से उधर ले जाते हैं और इस काम के लिए उन्हें सीधे मुसाफिरों से मजूरी मिलती

है। इसलिए लाइसेंस-प्राप्त-पोर्टर उन सुविधाओं को प्राप्त करने के हकदार नहीं हैं जो रेलवे कर्मचारियों को मिलती हैं। फिर भी वे रेलवे स्टेशनों के प्रतिक्षालयों, शौचालयों, नलों और भोजनालयों का उपयोग कर सकते हैं। जहां कहीं रेलवे के दवाखाने/अस्पताल हैं, वहां उन्हें एक विशेष मामले के रूप में मुफ्त वहिरंग इलाज की सुविधा प्राप्त करने का हकदार भी बनाया गया है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

तमिलनाडु में सूखा

5935. **श्री मयावन :** **श्री अदिचन**

श्री एल० कन्डप्पन :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तमिल नाडु सरकार ने तमिल नाडु में सूखे की स्थिति के बारे में केन्द्रीय सरकार को कोई पत्र भेजा है ;

(ख) क्या उपरोक्त राज्य में सूखे की स्थिति का अध्ययन करने के लिये वहां एक समिति भेजने का कोई प्रस्ताव हैं ; और

(ग) क्या सूखे की वर्तमान स्थिति को पूर्णत: समाप्त करने के लिए केन्द्रीय सरकार ने तमिल नाडु सरकार को अब तक कोई सहायता दी है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां।

(ख) केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों के एक दल ने 25 से 27 मार्च, 1969 तक तमिल नाडु के सूखे से कुछेक प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था।

(ग) भारत सरकार ने राज्य के सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में सहायता कार्यों पर खर्च करन के लिए 1.25 करोड़ रुपये की एक राशि मंजूर की है।

प्रधान मन्त्री सूखा सहायता निधि ने भी तमिल नाडु में सूखा सहायता कार्य के लिए एक लाख रुपये की एक राशि मंजूर की है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिये ट्रांजिस्टर

5936. **श्री बाल्मीकी चौधरी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना में कृषि उत्पादन बढ़ाने की दृष्टि से दूरस्थ तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सस्ते ट्रांजिस्टर सप्लाई करने की सरकार की कोई योजना है ; और

(ख) वर्ष 1969-70 में इस कार्य के लिए सरकार द्वारा कितने सस्ते ट्रांजिस्टर खरीदे जायेंगे ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). जी नहीं। कृषि विभाग की दूरस्थ तथा सीमावर्ती क्षेत्रों को सस्ते ट्रांजिस्टर रेडियो सप्लाई करने की कोई योजना नहीं है।

किन्तु 'भूख से छुटकारा अभियान" के अन्तर्गत नीदरलैंड से उपहार रूप में प्राप्त रेडियो सैटों में से 24,000 कम कीमत के रेडियो सैट जो कि यूनेस्को गिफ्ट कोपन्स के द्वारा प्राप्त कुछ विदेशी पुर्जों की सहायता से भारत में तैयार किये गये, उपलब्ध कराये जा रहे हैं। राज्य सरकारों को ये रेडियो इस शर्त पर उपहार के रूप में दिये गये हैं कि वह रियाती दरों पर अधिक उपज देने वाली किस्मों के उन जिलों के किसानों को बेचें जहां पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सूत्रपात हो चुका है। सैटों का आकाशवाणी के कृषक सम्बन्धी कार्यक्रमों को सुनने के लिये कृषक चर्चा दलों द्वारा उपयोग में लाया जायेगा। राज्य सरकारों से यह आशा की जाती है कि वह बिक्री से प्राप्त धनराशि को और अधिक सैट प्राप्त करने के लिए प्रयोग में लायेंगी।

दक्षिण भारत में भारतीय खाद्य निगम के कार्यालय

5937. **श्री यशपाल सिंह** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दक्षिण भारत में महत्वपूर्ण केन्द्रों में भारतीय खाद्य निगम के शाखा कार्यालयों को अनाज लाने-ले-जाने के लिये माल डिब्बों की व्यवस्था करने में रेलवे प्रशासन का पर्याप्त सहयोग प्राप्त करने में बड़ी कठिनाई हो रही है ; और

(ख) क्या दक्षिण भारत में ऐसे शाखा कार्यालयों के प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए उपाय किये जा रहे हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं। दक्षिण भारत में खाद्यान्नों के संचलन के सम्बन्ध में रेलवे तथा भारतीय खाद्य निगम में पर्याप्त सहयोग तथा समन्वय है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

संचार विभाग में चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति

5938. **श्री नीति राज सिंह चौधरी** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में, वर्षवार, संचार विभाग में चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के रूप में कुल कितनी राशि दी गई ;

(ख) उपरोक्त अवधि में एक कर्मचारी ने कितनी अधिकतम राशि प्राप्त की ; और

(ग) क्या समस्त दावे वास्तविक और सही थे और यदि नहीं तो इस प्रकार के दुराचार को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) :

(क)	1965-66	2,94,87,356 रुपये
	1966-67	3,96,17,557 रुपये
	1967-68	4,52,53,031 रुपये

(ख)	1965-66	7,668 रुपये
	1966-67	22,763 रुपये
	1967-68	21,313 रुपये

(ग) ये दावे एतद्विषयक विहित नियमों के अनुसार किये गये थे। डाक और तार विभाग में अनेक मामलों में इनकी यथार्थता या वास्तविकता के विषय में संदेह किया गया है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कुछ मामलों की रिपोर्ट विशेष पुलिस विभाग को की गयी है। कुछ प्राधिकृत चिकित्सा-परिचारकों और केमिस्टों की दुकानों को विवर्जित (डीबार) कर दिया गता है। जहां कहीं सहकारी भण्डार उपलब्ध है वहां दवाइयों की खरीद उन तक ही सीमित कर दी गयी है या अनुमोदित केमिस्टों का पैनेल बनाया गया है। दावे प्रस्तुत करने की अवधि भी एक वर्ष से घटा कर तीन मास कर दी गयी है। विभाग ने अनेक डाक-तार औषधालय (डिस्पेंसरियां) खोली हैं तथा और औषधालय खोलने के प्रस्तावों पर विचार हो रहा है। एक अध्ययन किया गया है तथा व्यय के नियंत्रण के और उपाय विचाराधीन हैं।

ट्रंक काल बुक करने के लिये टेलीफोन-चिटों का परिरक्षण

5939. **श्री रा० कृ० बिड़ला**: क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ट्रंक काल बुक करते समय तैयार किये जाने वाले टेलीफोन चिट कितने महीनों तक सुरक्षित रखे जाते हैं ;

(ख) ऐसे कालों के बिल चुकाये जाने पर इन चिटों का क्या किया जाता है ; और

(ग) उन्हें ज्यादा से ज्यादा कितने समय तक सुरक्षित रखा जाता है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) विभागीय नियमों के अनुसार ट्रंक काल बुक करते समय तैयार किये गये टिकट तत्संबंधी कालों के बिलों के चुकाये जाने या बिल जारी करने की तारीख से छह महीने की अवधि में जो भी बाद में हो तब तक सुरक्षित रखे जाते हैं।

(ख) सुरक्षण के लिये निर्धारित अवधि के बीतने पर टिकट नष्ट कर दिये जाते है।

(ग) जैसा कि ऊपर (क) में बताया गया है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के विकास परियोजना विशेषज्ञों द्वारा चम्बल क्षेत्र का जल सम्बन्धी सर्वेक्षण

5940. **श्री बृजराज सिंह** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ के विकास परियोजना विशेषज्ञों के एक दल को चम्बल नदी सिंचाई व्यवस्था के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र का जल सर्वेक्षण करने को कहा है ;

(ख) यदि हां, तो वह दल कब से काम कर रहा है तथा वह कब तक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर देगा ;

(ग) कितने विदेशी विशेषज्ञ काम कर रहे हैं, वे कहां-कहां पर तैनात हैं तथा उनके लिये भुगतान की शर्तें क्या हैं ; और

(घ) इस समय प्रयोगात्मक परियोजनायें कहां-कहां पर चल रही हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) चम्बल सिंचाई व्यवस्था के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र का जल विज्ञानीय सर्वेक्षण करने के लिये संयुक्त राष्ट्र विकास कार्य की ओर से कोई दल नहीं हैं । किन्तु संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (विशेष निधि) की "राजस्थान के चम्बल सिंचित क्षेत्रों में भूमि व जल उपयोग प्रबन्ध" संबंधी एक योजना है । इस परियोजना का उद्देश्य इस क्षेत्र में जल-लग्नता में कमी करने और सिंचित कृषि के लिये भूमि और जल की कुल व्यवस्था के लिये एक युक्तियुक्त रिपोर्ट तैयार करना है । इस परियोजना के एक अंग के रूप में ही डिगोड के निकट, कमान्ड क्षेत्र के अन्तर्गत ही कुछ जल विज्ञानीय संबंधी सर्वेक्षण किया गया है ।

(ख) करार 19-3-1968 से प्रभावी हुआ, कार्यान्वयन की योजना के अनुसार इस परियोजना के अनुसार इस परियोजना को पूर्ण होने में तीन वर्ष की अवधि लगेगा, जिसके उपरान्त सरकार को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा ।

(ग) इस परियोजना पर 10 विशेषज्ञ कार्य कर रहे हैं जिसमें से 2 पहले ही जा चुके हैं । परियोजना का मुख्यालय कोटा (राजस्थान) में स्थित है । कार्यान्वयन की योजना के अनुसार वैज्ञानिकों के स्थानीय जीवन निर्वाह व्यय के लिये भारत सरकार को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम प्राधिकारियों को 88,300 डालर की राशि प्रदान करनी थी, जो कि उन्हें स्थानीय मुद्रा के रूप में दे दी गयी है । विदेशी विशेषज्ञों का समस्त व्यय संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा अदा किया जाता है ।

(घ) आजकल मार्गदर्शी परियोजनायें राजस्थान के डिगोड क्षेत्र में कार्य कर रही है ।

राजस्थान में ऊबड़-खाबड़ भूमि को खेती योग्य बनाना

5941. **श्री बृज राज सिंह** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में चम्बल नदी के किनारों पर ऊबड़-खाबड़ भूमि को खेती योग्य बनाने की केन्द्रीय सरकार के पास कोई योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे):(क) तथा (ख). लदपुरा में चम्बल नदी के किनारे और कोटा जिले दिग्भेद तहसील में तोरन और चम्बल नदी के बीच की लगभग 2000 हैक्टेयर ऊबड़ खाबड़ भूमि को खेती योग्य बनाने के लिये लगभग 50 लाख रु० की लागत की एक केन्द्र द्वारा प्रायोजित मार्गदर्शी परियोजना पर भारत सरकार विचार कर रही है । ब्यौरे को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।

Wages for Labourers

5942. Shri Ram Singh Ayarwal : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether any committee has recommended the fixation of new rates of wages for skilled, semi-skilled and unskilled labourers ;

(b) if so, Government's reaction thereto ;

(c) whether Government have decided to grant higher category status of semi-skilled labour to the Beedi-rollers ; and

(d) if so, the date from which it will be granted ?

The Minister of state in the Ministry of Labour, employment and rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) **and** (b) : The Minimum Wages Committees (Construction), (Agriculture) and (Mines) set up by the Central Government have recommended fixation/ revision of rates of minimum wages for the broad classes of work viz. unskilled, semi-skilled (including unskilled supervisory) skilled, highly skilled and clerical in the respective scheduled employments in the Central sphere. The recommendations are under examination.

(c) The fixation of minimum wages for Beedi rollers is the responsibility of State Governments.

(d) Does not arise.

डाक विभाग में "गिरो" सेवा प्रणाली

5943. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री 12 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4265 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ग्राहकों की सुविधा के लिए डाक-विभाग में "गिरो" सेवा प्रणाली आरम्भ करने का निर्णय किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

कुतरने वाले जन्तुओं पर नियंत्रण के लिये प्रायोगिक परियोजना

5944. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से कुतरने वाले जन्तुओं पर नियन्त्रण के लिए एक प्रायोगिक परियोजना बम्बई में आरम्भ करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) और (ख). बम्बई नगर निगम ने कुतरने वाले जन्तुओं के नियन्त्रण के लिए एक मार्ग-

दर्शी पर योजना शुरू की है। निगम कर्मचारियों की देखरेख में विभिन्न घरों में 3,000 पिंजरों का वितरण करके शहर के "ए" वार्ड में कार्य शुरू किया गया। दूसरे स्तर पर 2000 बैट बक्सों को रखा गया है। पता चला है कि "ए" वार्ड में मार्गदर्शी परियोजना से उत्साह वर्धक परिणाम निकले हैं और निगम का प्रस्ताव है कि स्थानीय स्वैच्छिक संगठनों की सहायता में इस परियोजना का शहर के उत्तरी भागों में विस्तार कर दिया जाए। स्वयं सेवकों के प्रशिक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। हाफ़किन संस्थान द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

चुकन्दर का उत्पादन

5945. **श्री स० अ० अगाड़ी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय अनुमानतः कितने एकड़ भूमि में चुकन्दर की खेती होती है ;

(ख) क्या यह सच है कि मैसूर राज्य में तुंगभद्रा परियोजना के अन्तर्गत चुकन्दर की खेती आरम्भ की जा रही है ;

(ग) यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में राज्य सरकार को कोई निश्चित प्रस्ताव भेजे गये हैं ; और

(घ) क्या देश के अन्य भागों में भी चुकन्दर की खेती आरम्भ करने का प्रस्ताव है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) भारत में व्यापारिक पैमाने पर चुकन्दर की खेती अभी शुरू नहीं की गई है। इस समय प्रयोगात्मक मार्गदर्शी प्लान्ट में प्रक्रिया परीक्षण करने के लिए लगभग 100 हैक्टेयर क्षेत्र में चुकन्दर की खेती को बढ़ा दिया गया है।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न ही नहीं होता।

(घ) चौथी पंचवर्षीय योजना में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के राज्यों में चुकन्दर की खेती शुरू करने का प्रस्ताव है।

रूसी ट्रैक्टरों के लिये फालतू पुर्जों का आयात

5946. **श्री शशि भूषण** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रूसी ट्रेक्टरों के लिए फालतू पुर्जों का आयात करने के बारे में नीति क्या है और भिन्न-भिन्न जोनों को ऐसे पुर्जों के आयात कोटों का आवंटन किस आधार पर किया जाता है ; और

(ख) गत दो वर्षों में जारी किये गये आयात लाइसेन्सों । ब्यौरा क्या है, ये किन फर्मों को दिए गए तथा उनका मूल्य कितना था ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) रूसी ट्रैक्टरों के फालतू पुर्जे आयात करने के लिए भारतीय एजेन्टों को उनके द्वारा आयातित ट्रैक्टरों के मूल्य पर अधिक से अधिक 15 प्रतिशत मूल्य के लिये लाइसेंस प्रदान करने की सिफारिश की गई है।

(च) गत दो वर्षों में जारी किये गये आयात लाइसेन्सों का ब्यौरा उनके प्राप्तकर्ताओं के नामों, लाइसेंसों के मूल्यों सहित विवरण में दे दिया गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया**। देखिये संख्या एल० टी० 683/69]

अनाज की फसलों की तुलना में व्यापारी फसलों का उत्पादन

5948. **श्री शिव चंद्र झा** : क्या **खाद्य, तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वार्षिक योजना आरम्भ होने के बाद से देश में अनाज की फसलों की तुलना में व्यापारी फसलों का उत्पादन बढ़ा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या कारण हैं ; और

(ग) वार्षिक योजना आरम्भ होने से अब तक व्यापारी फसलों और अनाज की फसलों के आंकडे क्या हैं, वे कितने-कितने एकड़ भूमि में बोई गई, दोनों फसलों का उत्पादन कितने-कितने प्रतिशत हुआ देश में उनकी खपत कितनी-कितनी हुई, उनका कितना-कितना निर्यात किया गया और उनसे कितनी-कितनी विदेशी मुद्रा कमाई गई ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा **सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे)** : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं होता।

(ग) 1965-66,1966-67 और 1967-68 के दौरान उत्पादन, क्षेत्र और उत्पादन में प्रतिशत वृद्धि का संकेत करने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता संलग्न है। [**पुस्तकालय में रखा गया**। देखिये संख्या एल० टी० 684/69]। 1968-69 के दौरान इन फसलों के उत्पादन और क्षेत्र के आंकड़े अभी तक नियुक्त नहीं किए गए। देश में खपत की हुई मात्रा, उसका निर्यात और उससे अर्जित विदेशी मुद्रा, अलग से दोनों के लिये नकदी और खाद्य फसलों के विषय में, अपेक्षित जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा के पटल पर शीघ्रातिशीघ्र रख दी जायेगी।

आंध्र प्रभा आदि के लिये सरकारी विज्ञापन

5949. **श्री ईश्वर रेड्डी** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में 'आंध्र प्रभा' 'आंध्र पत्रिका', 'आंध्र ज्योति' और 'विशाल आंध्र' को कितने-कितने रुपये के सरकारी विज्ञापन दिए गये ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : विभिन्न समाचारपत्रों को दिए गए विज्ञापनों तथा उन्हें अदा की गई धनराशि के बारे में जानकारी विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय और सम्बन्धित पत्रों के बीच गोपनीय समझी जाती है। इस जानकारी को सम्बन्धित पत्रों की पूर्व सहमति के बिना एक तरफा प्रकट करना अच्छी व्यापार नीति नहीं होगी।

द्वितीय टेलीफोन उपकरण निर्माण कारखाना

5950. **श्री ईश्वर रेड्डी** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टेलीफोन उपकरण निर्माण करने के लिए प्रस्तावित द्वितीय कारखाने के स्थान

के बारे में निर्णय करने के लिए गठित स्थान चयन समिति ने अपना कार्य पूरा कर लिया है और अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है।

(ख) यदि हां, तो उस समिति ने क्या सिफारिशें की हैं ; और

(ग) इस समिति ने इस बारे में किन-किन स्थानों का दौरा किया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) से (ग). लम्बी दूरी के पारेषण उपस्कर के निर्माण के लिये प्रस्तावित नई इकाई की स्थापना का स्थान निश्चित करने के वास्ते इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बंगलौर के एक वरिष्ठ प्राविधिक अधिकारी को विभिन्न स्थानों की उपयुक्तता की जांच करने के लिए कहा गया था। उसने लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, बरेली, देहरादून, हरिद्वार, गाजियाबाद, नासिक, बम्बई और हैदराबाद की यात्रा की। इन स्थानों की यात्रा के बाद उसने नये कारखाने की स्थापना के लिये कुछ उपयुक्त स्थानों की सिफारिश करते हुए सरकार को अपनी रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट पर विचार करने के बाद भारत सरकार ने यह नया कारखाना उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के नजदीक नैनी में स्थापित करने का निर्णय किया है।

Setting up of Agriculturul Commission

5951. Shri Dearao Patil : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4251 on the 12th December, 1968 and state :

(a) whether the proposal regarding the setting up of an Agricultural Commission has since been finalised ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) the suggestions received from States for making changes therein ?

The Minister of State in the Ministry of food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) Not yet, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Suggestions have been received from some States about the terms of reference of the proposed Commission. These generally relate to agricultural price problems, agricultural development in remote and economically backward areas, afforestation as a soil conservation measures.

त्रिपुरा में खाद उत्पादन

5952. **श्री किरित बिक्रम देव बर्मन** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) त्रिपुरा में 1966-67, 1967-68 में सदवार कितना कितना खाद्य उत्पादन हुआ और 1968-69 में कितना उत्पादन होने की सम्भावना है, तथा उन में से प्रत्येक वर्ष में सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादन योजनाओं पर कितना-कितना धन व्यय किया गया और खण्ड कार्यालयों समेत खाद्य विभाग और इसकी शाखाओं पर कितना धन व्यय किया गया ;

(ख) प्रत्येक योजना के पृथक-पृथक अनुमानित परिव्यय तथा उसके अन्तर्गत प्रस्तावित लघु सिंचाई तथा अन्य निर्माण कार्यों के निश्चित स्वरूप और आकार को बताने वाला 1969-70

और चतुर्थ पंचवर्षीय योजना अवधि के लिये त्रिपुरा के खाद्य कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य में खाद्य उत्पादन के लक्ष्य क्या-क्या हैं ; और

(ग) क्या यह सच है कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से त्रिपुरा सरकार के खाद्य तथा कृषि विभाग का प्रशासनिक व्यय बढ़ता जा रहा है, किन्तु उस राज्य में खाद्य उत्पादन में इसके अनुसार वृद्धि नहीं हुई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

आकाशवाणी केन्द्र, कलकत्ता के लिये कार्यक्रम सलाहकार मंडल

5953. **डा० रानेन सेन** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि।

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम बंगाल के सूचना मंत्री ने आकाशवाणी के कलकत्ता केन्द्र के लिए कार्यक्रम सलाहकार मंडल के गठन से सम्बन्धित मामलों पर उनके साथ बातचीत करने का प्रस्ताव किया है ;

(ख) क्या यह सच है कि आकाशवाणी के अधिकारियों ने नये मंत्रिमंडल के गठन के बाद पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य मंत्री को रेडियो से उस राज्य के लोगों को भाषण देने के लिये नहीं बुलाया ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग). आकाशवाणी के अधिकारियों से यह अपेक्षा नहीं है कि वे इस प्रकार का सम्पर्क करने में पहले करें। राज्य सरकार के मुख्य मन्त्री तथा अन्य मन्त्रियों से जब भी कोई प्रार्थना प्राप्त होती है, उन्हें आकाशवाणी की संहिता के उपबन्धों के अधीन प्रसारण सुविधाएं उपलब्ध की जाती हैं। यह पश्चिम बंगाल सरकार पर भी लागू है।

Extraction of sugar from Beet etc

5954. Shri Mrityun Jay Prasad : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the names of the places where experiments in regard to the extraction of sugar from beet have been conducted and the details of success achieved in those cases ;

(b) whether experiments for extracting sugar from maple trees etc. have also been conducted and if so, the details thereof ; and

(c) the approximate quantity of sugar or Gur extracted from palm, dates etc. and the names of the States in which it is produce and its price in these States last year ?

The Minister of state in the Ministry of food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) : Pilot plant trials for the manufacture of sugar from beet under the coordinated research scheme of the National Sugar Institute, Kanpur, have so far been undertaken at Saraswati Sugar Mills Yamunanagar (Haryana), Janta Cooperative Sugar Mills Ltd., Bhogpur (Punjab) and Ganganagar Sugar Mills Ltd.,

Srigarganagar (Rajasthan). The results so far achieved are encouraging. The economic of the process will be worked out on all-India basis, after further trials have been conducted in other regions of the country.

(b) No, Sir

(c) : A statement showing available state-wise production and prices of palmgur and palm sugar during 1967-68 is laid on the table of the Home (*Placed in Library. See* No. Lt.-685/69)

Agricultural University in Bihar

5955. Shri Mrityun Jay Prasad : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the progress so far made in the scheme regarding the setting up of an agricultural university in Bihar ?

The Ministry of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahjb Shinde) : The Universities are established under Enactments by State Legislatures. As such the establishment of an Agricultural University in Bihar is the concern of the State Government. It is understood from the State Government that a Bill for the establishment of an Agricultural University has been developed by them which is yet to be examined by the State Law Department.

Code for Printing News Having Communal Bias

5956. **Shri Raghuvir Singh Shastri :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Indian Press Council has formulated a Code of Conduct in regard to the publication of the news having communal bias ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) the reaction of the representatives of the Press and the Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communicatoins (Shri I. K. Gujral) : (a) and (b). The Press Council of India has tentatively framed certain draft "guidelines" as regards "Communal Writings" in the Press, which it has referred to the National Integration Council for its views. The views of the National Integration Council have not yet been received by the Press Council.

(c) A few publications in the Press purporting to be the draft "guidelines" have come to the notice of the Government, One of the newspapers has made some comments in the matter. So far as Government is concerned, the matter is now under consideration of the Press Council in consultation with the National Council.

'Today in Parliament' Programme of A. I. R.

5957. **Shri Yogendra Sharma :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the basis on which the selection of the narrator of 'Today in Parliament' programme of A. I. R. is made ;

(b) the names and qualifications or the persons who have given this programme on A. I. R. since the beginning of the Seventh Session of Lok Sabha till-date ; and

(c) whether impartiality and exactitude are faithfully observed while giving the said programme ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Journalists accredited to Parliament Press Gallery are invited to write the commentary "Today in Parliament" on the basis

of their experience in Parliamentary coverage and capacity and willingness to produce, within a very short time, a ten-minute script of high quality suitable for broadcast.

(b) A statement is attached.

(c) Yes, Sir.

STATEMENT

Names of the journalists who have written the scripts of 'Today in Parliament' since the beginning of the 7th Session of the 4th Lok Sabha

1. **Shri G. S. Bhargava**
   Special Correspondent, Agence France Presse.
2. **Shri Narayana Swamy**
   Special Correspondent, Deccan Herald.
3. **Shri R. Chakrapani**
   Special Correspondent of P. T. I.
4. **Shri D. Sen**
   Special Correspondent, Hindustan Times.
5. **Shri J. M. Deb**
   Chief of Bureau of Assam Tribune.
6. **Shri I. Gopalkrishan**
   Special Correspondent of UNI and now Parliamentary Correspondent of National Herald.
7. **Shri A. Balu :**
   Special Correspondent of P. T. I.

दिल्ली और मद्रास के बीच टेलेक्स सेवा

5958. **श्री यशपाल सिंह** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली तथा मद्रास के बीच एक अतिरिक्त सीधी टेलेक्स सेवा आरम्भ करने की बहुत माँग है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संभरण विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) और (ख). टेलेक्स सेवा पूरे देश में पूर्णतः स्वचालित है । हर टेलेक्स उपभोक्ता सीधे डायल करके किसी भी अन्य टेलेक्स उपभोक्ता से सम्पर्क स्थापित कर सकता है । दिल्ली और मद्रास के बीच टेलेक्स सेवा की भी यही स्थिति है । दिल्ली या लखनऊ, कानपुर, जयपुर आदि जैसे इसके जिला केन्द्रों से सम्बद्ध कोई भी उपभोक्ता मद्रास टेलेक्स या इसके किसी भी जिला केन्द्र जैसे कि विजयवाड़ा, बंगलौर, एर्नाकुलम आदि को सीधे डायल कर सकता है । चूंकि पहले से मौजूद सेवा भी सीधी सेवा है, इसलिए दिल्ली और मद्रास के बीच इसके अतिरिक्त सीधी सेवा की व्यवस्था करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

रबी की फसल के अनाज की वसूली, संग्रह और एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाना

5959. **श्री वेणी शंकर शर्मा :**
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या खाद तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खाद्य निगम ने आगामी रबी की फ़सल में अनाज की वसूली, संग्रह और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के क्या प्रबन्ध किये हैं ;

(ख) उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस प्रयोजन के लिए राज्य-वार क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). भारतीय खाद्य निगम द्वारा आने वाले रब मौसम में 32 लाख मीटरी टन रबी अनाजों की अधिप्राप्ति करने के लिए प्रबन्ध किए जा रहे हैं। इस में से 11 लाख मीटरी टन आनाज उन राज्यों से जहां मौसम की व्यस्ततम अवधि मई-जुलाई, 1969 में अधिप्राप्ति की जाएगी, बाहर भेजे जाएंगे। निगम ने खाद्यान्नों का शीघ्र संचलन कराने के लिए रेलवे से निकट सम्पर्क स्थापित किया हुआ। वर्तमान भण्डारण क्षमता के अतिरिक्त 9 लाख मीटरी टन भण्डारण क्षमता के और गोदाम बनवाने का कार्य प्रगति पर है। भारतीय खाद निगम तथा केन्द्रीय भाण्डागार निगम द्वारा अस्थायी संचयन ढांचे भी खड़े किए जा रहे हैं जहां तीन से चार महीनों की अवधि के लिए परिगना संचयन किया जाएगा। जहां आवश्यक होता है वहां किराये पर गोदाम भी लिए जा रहे हैं।

(ग) भारतीय खाद्य निगम द्वारा खरीद के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया लेकिन निगम आनेवाले रबी मौसम में विभिन्न राज्यों में गेहूँ की निम्नलिखित मात्राएं खरीदने की उम्मीद रखता है :—

(आंकड़े हज़ार मीटरी टन में)

राज्य	प्रत्याशित खरीदारी
बिहार	50
हरियाणा	200
मध्य प्रदेश	150
पंजाब	2000
राजस्थान	70
उत्तर प्रदेश	700
पश्चिमी बंगाल	25

मार्च में हुई वर्षा का दिल्ली में फसलों पर प्रभाव

5960. **श्री वेणी शंकर शर्मा :**
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मार्च 1969 के मध्य में हुई वर्षा का दिल्ली में तथा इसके आसपास के क्षेत्र में फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो इससे अनुमानतः कितनी क्षति हुई है ;

(ग) क्या इस वर्षा से गेहूँ की नई किस्मों की फसलों को लाभ पहुंचा है और क्या यह चारे तथा सब्जियों के लिये भी लाभदायक थी ; और

(घ) यदि हां, तो किस सीमा तक ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता ।

(ग) जी हां, जो थोड़ी बौछारें पड़ी वे गेहूँ की फसल, चारे और सब्ज़ी की फसलों की नई किस्मों के लिए लाभप्रद सिद्ध हुई ।

(घ) फसलों पर इन बौछारों का कितना प्रभाव पड़ा इसका मात्रात्मक अनुमान लगाना कठिन है ।

गेहूँ का वसूली मूल्य

5961. **श्री वेणी शंकर शर्मा :** **श्री मधु लिमये :**
श्री दी० चं० शर्मा : **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृषि मूल्य आयोग ने गत वर्ष निर्धारित मूल्यों की तुलना में वर्ष 1969-70 में गेहूँ के बसूली मूल्य में 9 प्रतिशत कमी करने की सिफारिश की है ;

(ख) क्या वह सिफारिश स्वीकार कर ली गई है ;

(ग) यदि हां, तो इस सिफारिश को क्रियान्वित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) कृषि मूल्य आयोग ने पिछले मौसम की तुलना में 1969-70 रबी मौसम के लिए गेहूँ के कम अधिप्राप्ति मूल्य की सिफारिश की है । मेक्सिकन तथा साधारण सफेद किस्म के गेहूँ, जिन की अधिप्राप्ति अधिक मात्रा में होती है, के अधिप्राप्ति मूल्य में प्रस्तावित कटोती 8 प्रतिशत है ।

(ख) से (घ). भारत सरकार इस मामले पर तत्परता से विचार कर रही है।

रानीगंज कोयला क्षेत्र में पानी की सप्लाई

5962. **श्री देवेन सेन** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रानीगंज कोयला क्षेत्र में पानी की सप्लाई की समेकित योजना को कार्यान्वित करने के लिये पश्चिम बंगाल सरकार को अनुदान के रूप में 25 लाख रुपये दिये गये थे ; और

(ख) यदि हां, तो उस योजना की वर्तमान स्थिति क्या है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भगवत झा आजाद) : (क) जी हां।

(ख) योजना कार्यान्वित की जा रही है।

पश्चिम गोदावरी जिले में राजकीय कृषि प्रक्षेत्र

5963. **श्री को० सूर्यनारायण** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आन्ध्र प्रदेश सरकार ने हाल ही में भारत सरकार से प्रार्थना की है कि पश्चिम गोदावरी जिले में जहां राज्य सरकार की भूमि उपलब्ध है, एक राजकीय कृषि प्रक्षेत्र खोला जाये ; और

(ख) यदि हाँ, तो इस पर भारत सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता।

कृषि अनुसंधान पर व्यय की गई राशि

5964. **श्री य० अ० प्रसाद** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1967-68 तक गत तीन वर्षों में कृषि अनुसंधान पर कुल कितनी राशि व्यय की गयी ; और

(ख) अनुसंधान पर हुए इस व्यय में केन्द्र तथा राज्यों का भाग कितना कितना है ; और

(ग) खाद्यान्नों और व्यापारिक फसलों पर इस व्यय की प्रतिशतता क्या है और इस अनुपात से इन फसलों से आय कितनी होती है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). 1967-68 के समाप्त होने वाले 3 वर्ष के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा कृषि अनुसंधान पर खर्च की हुई कुल धनराशि लगभग 25 करोड़ रुपये है।

राज्यों और विश्वविद्यालयों द्वारा इस अवधि के लिये कृषि अनुसंधान पर व्यय की गयी धनराशि के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ग) अनुसंधान पर व्यय के परिणाम स्वरूप, आय में बढ़ोतरी का आंकना दुष्कर है ।

आकाशवाणी द्वारा प्रसारणों के लिये प्रयोग किये जाने वाली संहिता

5965. **श्री रा० कृ० सिंह :**

श्री इन्द्रजीत गुप्ता :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल सरकार ने आकाशवाणी के केन्द्र के प्रयोग सम्बन्धी विवाद को हल करने के लिए कोई प्रस्ताव भेजे हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने उनका क्या उत्तर दिया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा सँचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) से (ग). आकाशवाणी की सुविधाओं के प्रयोग के बारे में भारत सरकार और पश्चिम बंगाल की सरकार के बीच कोई विवाद नहीं है । तथापि, पश्चिम बंगाल सरकार के सूचना तथा जन सम्पर्क विभाग के मन्त्री श्री ज्योति भूषण भट्टाचार्य ने सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री को एक पत्र लिखा है जिसमें आपस में बातचीत करने का सुझाव दिया गया है ताकि सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभागों तथा राज्य सरकार के सूचना और जन सम्पर्क विभाग में प्रभावशाली और उपयोगी समन्वय हो सके । सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री ने इस सुझाव का स्वागत किया है और शीघ्र ही बातचीत होने की संभावना है ।

फिल्मी कलाकारों के लिए विदेशी मुद्रा

5966. **श्री य० अ० प्रसाद :** क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय फिल्म उद्योग ने भारतीय प्रतिनिधिमण्डलों को, जो अन्तर्राष्ट्रीय समारोहों में भाग लेने के लिये विदेश जाते हैं, विदेशी मुद्रा देने में अधिक उदारता दिखाने के लिये सरकार से अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में भारत सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रायय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख). फिल्म निर्यात सलाहकार समिति ने दिसम्बर, 1964 में हुई अपनी बैठक में और बातों के साथ साथ यह सिफारिश की थी कि विदेशी फिल्म समारोहों के लिये मंजूर की जाने वाली उस समय 60,000/ रुपये की विदेशी मुद्रा की जो सीमा थी वह फिल्म समारोहों में भाग लेने वाले भारतीयों की उचित आवश्यकताओं को पूरी करने के लिये पर्याप्त नहीं थी और उसे बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार रुपये करने की सिफारिश की थी । इस सिफारिश पर सरकार द्वारा विचार किया गया, परन्तु देश में विदेशी मुद्रा की कठिन स्थिति होने कारण, इसे अभी तक

स्वीकार करना सम्भव नहीं पाया गया है। तथापि, उसके बाद विदेशों में अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भाग लेने के लिये विदेशी मुद्रा का आवंटन बढ़ाकर 75,000/— रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है।

कीनिया के लिये भारतीय चलचित्र

5967. **श्री य० अ० प्रसाद** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कीनिया का एक प्रतिनिधि मण्डल भारतीय चलचित्र खरीदने के लिये जनवरी, 1969 में भारत आया था ; और

(ख) यदि हां, तो उस प्रतिनिधि मण्डल ने कितने चलचित्र चुने थे और इस मामले में दोनों के बीच क्या शर्तें स्वीकार की गई ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां।

(ख) कीनिया के प्रतिनिधि मण्डल ने निम्नलिखित फिल्में खरीदी :—

(1) लेडी किलर (रंगीन)	21,000/— रुपये
(2) फे ड (सादी)	8,500/ रुपये
(3) हर हर गंगे (सादी)	14,000/— रुपये

उपर्युक्त कीमत में रायल्टी तथा बिल्कुल नई प्रिन्ट की कीमत, दो ट्रेलर तथा आम प्रचार सामग्री शामिल है। विवरण परिव्यय, आगोप भाटक (सी० आई० एफ०) नेरोबी आधार पर होगा और भुगतान लैटर आफ क्रेडिट के द्वारा किया जायेगा।

स्वयं डायल घुमाकर अन्य नगरों को टेलीफोन करने की व्यवस्था बिहार में लागू करना

5968. **श्री बाल्मीकी चौधरी** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1969-70 की योजना तथा चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत बिहार के विभिन्न नगरों को स्वयं डायल घुमा कर अन्य नगर को टेलीफोन करने की व्यवस्था के साथ जोड़ने तथा बिहार के मुख्य नगरों को दिल्ली, कलकत्ता तथा बम्बई के साथ सीधे टेलीफोन करने की व्यवस्था से जोड़ने की कोई योजना है ; और

(ख) यदि हाँ, तो इस योजना का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक योजना पर कितना खर्च आयेगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) तथा (ख). 20 7-1965 से दिल्ली और पटना के बीच स्थान से स्थान उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग सुविधा मौजूद है। पटना और मुजफ्फरपुर के बीच भी स्थान से स्थान उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग प्रणाली चालू करने का प्रस्ताव है। इन स्थानों पर उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग के लिए स्थापित किये जाने वाले स्वचल एक्सचेंज उपस्कर की अनुमानित लागत लगभग 2 लाख रुपये है और इस सुविधा को 1970-71 के दौरान उपलब्ध कराये जाने की सम्भावना है।

1970 के अन्त तक पटना को भी कानपुर स्थित ट्रंक स्वचल एक्सचेंज से जोड़ने का प्रस्ताव है।

जमशेदपुर को भी कलकत्ता स्थित ट्रंक स्वचल एक्सचेंज और रांची को आसनसोल स्थित ट्रंक स्वचल एक्सचेंज से जोड़ने का प्रस्ताव है। चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान इन ट्रंक स्वचल एक्सचेजों के स्थापित किये जाने की योजना है। कलकत्ता में स्वचल एक्सचेंज योजना की अनुमानित लागत 103 लाख रुपये तथा आसनसोल स्वचल एक्सचेंज की अनुमानित लागत 27 लाख रुपये हैं।

राष्ट्रीय सामुदायिक विकास संस्था

5969. **श्री शिव चन्द्र झा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय सामुदायिक विकास संस्था ने देश में सामुदायिक विकास कार्य में कोई विशिष्ट योगदान किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) तथा (ख). जी हां। राष्ट्रीय सामुदायिक विकास संस्थान, जोकि एक स्वायत निकाय है, के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 686/69]

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

मुजफ्फरपुर तार इन्जीनियरी डिवीजन का विभाजन

5970. **श्री शिव चन्द्र झा** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुजफ्फरपुर तार इंजीनियरी डिवीजन का विभाजन करने और दूसरा डिवीजन मुख्यालय दरभंगा (बिहार) में रखने के बारे में सरकार योजना बना रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उस क्षेत्र के लोगों ने इस प्रयोजन के लिये मंत्रालय को याचिकायें भेजी हैं ;

(ग) यदि हां, तो मुजफ्फरपुर इंजीनियरी डिवीजन का विभाजन कब किया जायेगा, जिसके दूसरे डिवीजन का मुख्य कार्यालय दरभंगा में होगा ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ). दरभंगा में टेलीफोन इंजीनियरी डिवीजन के निर्माण के लिये वहां के कुछ टेलीफोन प्रयोक्ताओं से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रस्ताव की जांच की जा रही है।

प्रमुख समाचारपत्रों को सरकारी विज्ञापन

5971. **श्री शिव चन्द्र झा :** क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में अधिकतम सरकारी विज्ञापन प्राप्त करने वाले पहले दस समाचार पत्र कौन कौन से हैं ;

(ख) इन समाचार पत्रों को प्रतिवर्ष अलग अलग कितनी धनराशि के विज्ञापन दिये गये ; और

(ग) इस समय देश में इन दस समाचार पत्रों के मालिकों का कितने समाचारपत्रों/दैनिक पत्रों और साप्ताहिक पत्रों पर नियन्त्रण है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) से (ग). विभिन्न समाचारपत्रों को दिये गये विज्ञापनों तथा उन्हें अदा की गई धनराशि के बारे में जानकारी विज्ञापन और सम्बन्धित पत्रों के बीच गोपनीय समझी जाती है । इस जानकारी को सम्बन्धित पत्रों की पूर्व सहमति के बिना एकतरफा प्रकट करना अच्छी व्यापार नीति नहीं होगी ।

आकाशवाणी से "ट्रू डे इन पार्लियामेंट" कार्यक्रम

5972. **श्री शिव चन्द्र झा :** क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा की करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संसद् के इस सत्र में लोक-सभा में ध्यान दिलाने वाली सूचनाएं देने वाले व्यक्तियों के नामों का आकाशवाणी के 'ट्रू डे इन पार्लियामेंट' कार्यक्रम में अब तक उल्लेख किया जाता रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या 23 मार्च, 1969 को भी ऐसा ही किया गया था और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, नहीं ।

(ख) 23 मार्च को, रविवार होने के कारण, सदन की बैठक नहीं हुई ।

भारतीय खाद्य निगम द्वारा नमूनों को मोहर बंद करना

5973. **श्री जी० वेंकट स्वामी** क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री 20 मार्च, 1969 के अतारांतित प्रश्न संख्या 3731 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि फर्म तथा भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधियों द्वारा मिल कर दो नमूने लेकर मोहर बन्द किये जाते हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि जहां फर्म की कोई मोहर नहीं होती है, केवल भारतीय खाद्य

निगम ही नमूने को मोहर बन्द करती है परन्तु फर्म से लिखवा लेती है कि उसे निगम में पूर्ण विश्वास है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि फर्म विश्लेषण रिपोर्ट की मान्यता को चुनौती देती है, तो दूसरा नमूना विश्लेषण के प्रयोजन के लिए प्रयोग में लाया जाता है और फर्म के अधिवृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में विश्लेषण किया जांता है ; और

(घ) यदि हां, तो संयुक्त विश्लेषण किए जाने से पहले दूसरे नमूने की मोहर कैसे टूट गई थी ?

खाद्य, कृषि आमुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां । लेकिन प्रश्न में पूछे गए विशिष्ट मामलों में किस्म निरीक्षक फर्म से लिखित रूप में यह प्राप्त करने में असफल रहे कि उन्हें भारतीय खाद्य निगम में पूर्ण विश्वास है ।

(ग) जी नहीं । वस्तुत: पहले नमूने का उपयोग विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करने के लिए किया जाता है । इस विश्लेषण के समय फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति आवश्यक नहीं होती है । यदि फर्म विश्लेषण के परिणामों से संतुष्ट नहीं तो वे उसके प्राप्त होने के सात दिन के भीतर 25 रुपए प्रति नमूने के हिसाब से फीस जमा करा कर संयुक्त विश्लेषण के लिए कह सकती है । दूसरा विश्लेषण प्रयोगशाला में रखे दूसरे नमूने पर, फर्म के प्राधिकृत प्रतिनिधि के सन्मुख की जाती है तथा उसके परिणाम भारतीय खाद्य निगम तथा फर्म पर बाध्य होते हैं ।

(घ) यह दूसरे नमूने की मोहरे टूटने का मामला नहीं है । बात यह कि इन नमूनों पर केवल गुणता-निरीक्षक की ही मोहरे लगी थी । फर्म ने नमूनों की प्रमाणिकता पर इस आधार पर संदेह प्रकट किया कि उन पर फर्म की मोहरे नहीं लगी हुई, जोकि उनके कथनानुसार उन्होंने लगाई थी । इसलिए संयुक्त विश्लेषण में फर्म द्वारा भाग लेने से इन्कार करने के कारण संयुक्त विश्लेषण नहीं किया जा सका ।

भारतीय खाद्य निगम द्वारा जमानत की राशि लौटाया जाना

5974. **श्री जी० वैंकट स्वामी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री 20 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3732 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय खाद्य निगम ने जमानत की राशि न लौटाने के फर्म को कारण बताये हैं और यदि हां, तो कब तथा यदि नहीं तो क्यों ;

(ख) क्या यह सच है कि फर्म ने न केवल भारतीय खाद्य निगम को तथा मन्त्री को उनके नाम से कई पत्र लिखे हैं बल्कि जमानत की राशि लौटाने के लिए वकील को नोटिस भी दिया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि भारतीय खाद्य निगम ने पत्रों की प्राप्ति की सूचना देने की भी आवश्यकता नहीं समझी ; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा जमानत की राशि लौटाने के लिए क्या अग्रेतर कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां। फर्म के प्रतिनिधि जब कभी भी जिला प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, लुधियाना के कार्यालय में आये तभी उन्हें सारी स्थिति अनेकों बार मौखिक रूप से स्पष्ट की गई थी।

(ख) जी हां।

(ग) जी नहीं, क्षेत्रीय प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, चंडीगढ़ ने अपने पत्र संख्या ई/लेब/1/6(4)/68 दिनांक 20-9-1968 द्वारा कानूनी नोटिस की पावती स्वीकार की थी।

(घ) मैसर्स तिलक राज धर्मपाल से कहा गया है कि वे प्रतिभूति की धनराशि वापस लेने हेतु अपेक्षित नियमों के आधीन लेखे जोखे-का निपटान करने के बाद बेबा की (प्रमाण) पत्र प्रस्तुत करें।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में अधिक उपज देने वाली फसलें बोने का कार्यक्रम

5975. **श्री बाल्मीक चौधरी** : क्या **खाद्य तथा कृषि मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में देश में खाद्यान्नों की अधिक उपज देने वाली फसलों की काश्त बढ़ाने का कोई कार्यक्रम है ;

(ख) यदि हां, तो कितने एकड़ अधिक भूमि में अधिक उपज देने वाली अनाज की फसलों की काश्त कराने विचार है और इसमें से कितने एकड़ भूमि बिहार में होगी ; और

(ग) इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने से चतुर्थ योजना में देश में खाद्यान्न की उपज में कितनी वृद्धि होने की आशा है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां।

(ख) लक्ष्यों को चतुर्थ योजना के साथ ही अन्तिम रूप दिया जायेगा (जिसे कि अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है)।

(ग) अधिक उत्पादनशील किस्मों के कार्यक्रम से चतुर्थ योजना की अवधि में 228.0 लाख मीटरी टन (या 230 लाख मीटरी टन) के अतिरिक्त उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

विज्ञापन दरें

5976. **श्री एम० मेघ चन्द्र** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छोटे समाचारपत्रों में अपने विज्ञापन प्रकाशित कराने के सम्बन्ध में राज्य सरकारों तथा संघ राज्य-क्षेत्रों की सरकारों द्वारा निर्धारित की गई विज्ञापन दरें प्रत्येक राज्य में भिन्न-भिन्न हैं ; और

(ख) क्या सरकार का विचार उनकी सहायता करने हेतु सभी छोटे समाचारपत्रों के लिये समान नीति और समान विज्ञापन दरें निर्धारित करने का है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख). सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के पास कोई जानकारी नहीं है। यह राज्य सरकारों तथा केन्द्र प्रशासनों के अधिकार क्षेत्र में जाता है। वे अलग-अलग समाचारपत्रों के साथ विज्ञापन की दरें निर्धारित करने बारे में अपनी नीति निश्चित करने के लिये स्वतन्त्र हैं। अतएव, इस सम्बन्ध में कोई समान नीति निर्धारित करना सम्भव नहीं है। जहां तक विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा जारी किये जाने वाले विज्ञापनों का सम्बन्ध है, लघु समाचार पत्र जांच समिति की सिफारिश पर यह पहले ही निर्णय लिया जा चुका है कि समाचारपत्र और पत्रिकाओं को अपने दरें निर्धारित करने की आजादी होनी चाहिये परन्तु निदेशालय उन्हीं समाचारपत्रों का प्रयोग करे जो प्रचार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनको उपयुक्त और स्वीकृत हों। सभी छोटे समाचारपत्रों के लिये समान दरें रखना व्यावहारिक नहीं क्योंकि दर विभिन्न बातों यथा सम्बन्धित समाचारपत्र की खपत संख्या, साख, पाठक, उत्पादन स्वर इत्यादि पर निर्भर करती है।

फिल्म वित्त निगम द्वारा ऋण मंजूर किये जाने की प्रतिक्रिया

5977. **श्री अर्जुन सिंह भदोरिया** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फिल्म वित्त निगम लिमिटेड द्वारा फिल्म निर्माताओं को ऋण देने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है, और

(ख) इन ऋणों को कितनी अवधि में वापस किया जाना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख). एक विवरण सदन की मेज पर रख दिया गया है।

(क) फिल्म वित्त निगम से ऋण प्राप्त करने सम्बन्धी प्रार्थनापत्रों की जाँच पड़ताल निगम उपनियमों के अनुसार की जाती है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सभी प्रार्थनापत्रों का, आवेदन शुल्क, निक्षेप तथा सेवा शुल्क, फिल्म के सारांश सहित दिया जाना अपेक्षित है। प्रार्थनापत्र की आरम्भिक जांच पड़ताल के पश्चात सहायक तकनीकी सलाहकार तथा एक चार सदस्यीय लिपि समिति द्वारा निर्माता, निदेशक, कलाकारों आदि पिछले रिकार्ड की व्यवसायिक दृष्टिकोण से जांच की जाती है। वे प्रार्थनापत्र पर अपने विचार और ऋण की राशि लिख देते हैं। अन्त में सभी आवेदन-पत्र निदेशक बोर्ड के निर्णय के लिये उसके सामने रख दिये जाते है।

बोर्ड द्वारा ऋण मंजूर किये जाने के पश्चात आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं। ऋण की प्रत्येक किश्त देने से पूर्व, सामान्यतः निर्माता को निगम के पूर्व अनुमोदन के लिये शूटिंग कार्यक्रम या रिकार्डिंग कार्य का सेटवार ब्यौरा देना पड़ता है। राजपत्रित लेखापाल द्वारा प्रमाणीकृत लेखे दिखाये जाने के बाद ही अगली किश्त दी जाती हैं।

(ख) ऋण का पुनर्भुगतान का समय पहली किश्त के भुगतान की तिथि से दो वर्ष बाद की तिथि से या फिल्म की रिलीज की तारीख से 30 दिन बीतने की तारीख से इनमें से जो भी पहले ही आरम्भ हो जाता है। किन्तु विशेष मामलों में बोर्ड इस अवधि को अधिक से अधिक 6 मास

बढ़ा भी सकता है किन्तु समूचे ऋण के पुनर्भुगतान का समय पहली किश्त से 3 साल से अधिक नहीं होना चाहिए ।

फिल्म उद्योग में आर्थिक संकट

5978. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फिल्म उद्योग में आर्थिक संकट को समाप्त करने हेतु भारतीय चलचित्र निर्माता संघ द्वारा सरकार को हाल में कोई सुझाव प्राप्त हुए हैं, और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां ।

(ख) अपने पहले के अभ्यावेदनों के क्रम में इण्डियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर *एसोसिये*-शन ने हाल ही में मनोरंजन कर तथा शो टैक्स (कर) में कमी, प्रिन्टों पर उत्पादन शुल्क, सामान्य करेन्सी क्षेत्र से रंगीन कच्चे माल की सरलतापूर्वक उपलब्धि, सिनेमाघरों के निर्माण के लिये जीवन बीमा निगम से ऋण की उपलब्धि बड़े-बड़े शहरों में प्रदर्शन की शर्तों का विनियमन, चित्रों आदि को सेन्सर करने के बारे में सिद्धांतों की समानता के सम्बन्ध में अभ्यावेदन किया है ।

मनोरंजन तथा शो टैक्स (कर) राज्यों सरकारों द्वारा लगाया जाता है जिनके साथ मामले पर विचार किया जा रहा है । प्रिन्टों पर उत्पादन शुल्क के बारे में 1969-70 के बजट जिस पर संसद में अब विचार किया जा रहा है, में कुछ छूट देने का प्रस्ताव है । तथापि सरकार के लिये यह सम्भव नहीं कि वह उद्योग द्वारा मांगी गई सभी छूटों को दे सके । जहां तक जीवन बीमा निगम का सम्बन्ध है आजकल मकान आदि की उच्च प्राथमिकता दिये जाने की मांग के कारण सिनेमाघरों के निर्माण में धन लगाने की सम्भावना नहीं है । सेन्सरशिप के समूचे प्रश्न पर एक समिति द्वारा विचार किया जा रहा है जिसको इसी उद्देश्य से स्थापित किया गया है । आशा है समिति जून, 1969 के अन्त तक अपनी रिपोर्ट दे देगी ।

फिल्म उद्योग के प्रतिनिधियों से भेट

5979. **श्री अर्जुन सिह भदौरिया** : : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 10 मार्च, 1969 को फिल्म उद्योग का एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला था, और

(ख) यदि हां, तो किन विषयों पर बातें हुई और उसके क्या परिणाम निकले और बैठक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के नाम क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) और (ख). एक प्रतिनिधि मंडल, जिसमें सर्वश्री आई. एस. जोहर, जे. ओउम प्रकाश, आई. के. मैनन तथा कुछ अन्य व्यक्ति थे, 10 मार्च, 1969 को सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री से

मिला था और फिल्मों, विशेष रूप से रंगीन फिल्मों पर अधिक उत्पादन शुल्क लगाने के प्रस्ताव के विरोध में एक ज्ञापन दिया था, शिष्टमण्डल को यह सलाह दी गई थी कि वह इस मामले पर वित्त मन्त्रालय से बातचीत करे क्योंकि वही इससे सम्बन्धित है।

फिल्म 'परिवार' को मनोरंजन कर से छूट

5980. **श्री काशीनाथ पाण्डेय :** क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्री केवल पी० कश्यप द्वारा निर्मित फिल्म 'परिवार' को विदेशों में मनोरंजन कर से मुक्त किया गया है,

(ख) यदि हाँ, तो जिन देशों में इस फिल्म को मनोरंजन कर से मुक्त किया गया है उनके नाम क्या हैं और इसके क्या कारण हैं,

(ग) क्या यह भी सच है कि भारत में इस फिल्म को मनोरंजन कर से मुक्त किया गया था और यदि हाँ, तो किन राज्यों में इस फिल्म को मनोरंजन कर से मुक्त किया गया है और प्रत्येक राज्य द्वारा मनोरंजन कर न लगाये जाने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख). मारीशियस में रोज हिल ब्यू बेसिन तथा क्वार्टर बोरनीज़ की नगरपालिकाओं द्वारा 'परिवार' फिल्म पर मनोरंजन कर की छूट दी गई है। छूट किन कारणों से दी गई इसका पता नहीं है।

(ग) मनोरंजन कर राज्य का विषय है। सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन की मेज पर रख दी जायेगी।

टेलीविजन के लिये सूक्ष्म तरंग

5981. **श्री काशीनाथ पाण्डेय :** क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टेलीविजन कार्यक्रमों के प्रेषण के लिये सूक्ष्म तरंग व्यवस्था को प्रयोग किया जा सकता है ; और

(ख) यदि हां, तो देश में सूक्ष्म तरंग व्यवस्था को प्रयोग करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी हाँ।

(ख) सूक्ष्मतरंग प्रणालियों का निर्माण ऐसे ढंग से किया जा रहा है कि बाद में जाकर उनमें टेलिविजन रिले सरणियां जोड़ने के लिए परिवर्तन किया जा सके।

Use of Hindi in the Employment Exchanges

5982. **Shri S. M. Joshi :** Will the Minister of Labour and Rehabilitation be pleased to state :

(a) whether it is a fact that entire work of the Employment Exchange in Delhi is done in English ;

(b) whether it is also a fact that even though the majority of the persons who get themselves registered with the employment Exchanges, do not know English and that they are the seekers of lower category jobs, correspondence with them is made in English ;

(c) if so, the time by which Government propose to switch over to Hindi for carrying on the work of the Exchange ; and

(d) the number of forms whose Hindi versions are made use of in the Exchange out of the forms etc. which are ordinarily used in the said Employment Exchange ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) No.

(b) Yes. Most of the correspondence with the candidates, registered with the Employment Exchanges, is done on the printed forms. Correspondence with the candidates is done in English only in cases where old forms, (which are in English), are in use. Fresh forms are being printed bilingually both in English and Hindi.

(c) Employment Exchanges have already switched over to Hindi and its use will be progressively intensified.

(c) At present three forms in Hindi, two bilingual (in Hindi and English both) and four in Hindi as well as in (separately), are being used at Employment Exchanges. As soon as stock of old forms is exhausted, all the forms shall be got printed bilingually (in Hindi and English).

पूर्वी सीमा सुरक्षा कार्यालय का टेलीफोन काट दिया जाना

5983. **श्री राज देव सिंह** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल में कृष्ण नगर से प्राप्त हुए समाचार पत्रों में छपे इस समाचार की सरकार को जानकारी है कि वर्ष मार्च के तीसरे सप्ताह में भारत और पाकिस्तान की पूर्वी सीमा पर लासविन पर पाकिस्तान की ओर से हाल ही में की गई गोलाबारी के दौरान सीमा सुरक्षा कार्यालय का टेलीफोन बकाया राशि का भुगतान न किये जाने के कारण उनके विभाग द्वारा काट दिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस कार्यवाही की गम्भीरता तथा हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर होने वाले इसके सम्भावित गम्भीर परिणामों को अनुभव करती है ; और

(ग) भविष्य में ऐसी गलतियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये सरकार का क्या पूर्वोपाय अथवा कार्यवाही करने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा सचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी हां, टेलीफोन की बकाया रकम की अदायगी न करने के कारण कृष्ण नगर क्षेत्र में स्थित सीमा सुरक्षा सेना की एक कम्पनी के टेलीफोन का कनेक्शन 20 मार्च, 1969 को काट दिया गया था। बिलों का भुगतान करने के बाद 24 मार्च, 1969 को फिर से कनेक्शन दे दिया गया। फिर भी मार्च के तीसरे सप्ताह के दौरान वहां गोली चलने की कोई घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) विभागीय नियमों के अनुसार बिलों के भुगतान न करने के कारण गैर-सरकारी उपभोक्ताओं के साथ-साथ सरकारी उपभोक्ताओं (कुछ विशिष्ट व्यक्तियों जैसे केन्द्रीय मन्त्री सचिव इत्यादि को छोड़कर) के भी टेलीफोन कनेक्शन काटे जा सकते है। सीमा सुरक्षा सेना को

कम्पनी के फोन का कनेक्शन कुछ दिन कटा रहा। उसके पास बेतार द्वारा संदेश भेजने का अन्य एवजी साधन उपलब्ध था।

(ग) गृह मन्त्रालय के परामर्श से इस मामले की जांच की जायेगी तथा इसके लिए उचित कार्यवाही की जाएगी।

टेलीफोन निर्देशिकाओं प्रकाशन

5984. **श्री सूरज भान:** क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नियमों के अनुसार छः महीने हो जाने पर नई टेलीफोन निर्देशिका प्रकाशित की जानी चाहिए ;

(ख) प्रत्येक सर्किल में पृथक-पृथक अन्तिम बार किस तारीख को टेलीफोन निर्देशिकाएं जारी की गई थी ;

(ग) क्या यह भी सच है कि अनुपूरक निदेशिकाओं सहित टेलीफोन निर्देशिकाओं में सभी टेलीफोन नम्बर नहीं होते और जो नम्बर निर्देशिकाओं में नहीं होते उनको पूछे जाने पर टेलीफोन प्रयोक्ताओं से पैसे लिये जाते हैं ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इस बात को सुनिश्चित करेगी कि या तो छः महीने की प्रत्येक अवधि के पश्चात टेलीफोन निर्देशिकाओं को अनिवार्य रूप से प्रकाशित किया जायेगा या पुरानी निर्देशिकाओं को ध्यान में रखते हुए टेलीफोन नम्बर पूछे जाने पर टेलीफोन प्रयोक्ताओं से पैसे नहीं लिए जाएंगे ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह): (क) जी नहीं, टेलीफोन परिमंडलों तथा कुछ बड़े सर्कलों में टेलीफोन निर्देशिकाएं वर्ष में दो बार प्रकाशित की जाती हैं। अन्य सर्कलों में निर्देशिकाएं वर्ष में एक ही बार प्रकाशित की जाती हैं।

(ख) आवश्यक सूचना निम्न प्रकार हैं : —

क्रम संख्या	टेलीफोन परिमंडल/सर्कल का नाम	अवधि	संस्करण का नाम	अवधि जहां तक संशोधित
1.	अहमदाबाद परिमंडल	अर्द्ध-वार्षिक	दिसम्बर, 67	दिसम्बर, 67
2.	आंध्र सर्किल	वार्षिक	सितम्बर, 68	15-11-68
3.	आसाम सर्किल	वार्षिक	दिसम्बर, 66	दिसम्बर, 66
4.	बंगलौर परिमंडल	अर्द्ध-वार्षिक	अक्तूबर, 68	15-10-68
5.	बिहार सर्किल	अर्द्ध-वार्षिक	जुलाई, 68	31-7-68
6.	बम्बई परिमंडल	अर्द्ध-वार्षिक	जनवरी, 69	20-12-68
7.	कलकत्ता परिमंडल	अर्द्ध-वार्षिक	सितम्बर, 68	2-5-68

1	2	3	4	5
8.	दिल्ली परिमंडल	अर्द्ध-वार्षिक	मार्च, 68	10-1-68
9.	गुजरात सर्किल	अर्द्ध-वार्षिक	जनवरी, 68	30-4-68
10.	हैदराबाद परिमंडल	अर्द्ध-वार्षिक	जून, 68	15-6-68
11.	जम्मू तथा काश्मीर सर्किल	वार्षिक	जून 68	जून, 68
12.	केरल सर्किल	वार्षिक	दिसम्बर, 68	30-11-68
13.	मद्रास परिमंडल	अर्द्ध-वार्षिक	अगस्त, 68	15-7-68
14.	मद्रास सर्किल	अर्द्ध-वार्षिक	जनवरी, 68	31-12-67
15.	गोआ उप-मंडल	वार्षिक	मार्च, 68	31-3-68
16.	मध्य प्रदेश सर्किल	वार्षिक	मार्च, 69	मार्च, 69
17.	मैसूर सर्किल	वार्षिक	जुलाई, 68	30-6-68
18.	उड़ीसा सर्किल	वार्षिक	मार्च, 67	31-3-67
19.	पंजाब सर्किल	अर्द्ध-वार्षिक	मार्च, 67	15-1-67
		अनुपूरक निर्देशिका	नवम्बर, 68	जून, 68
20.	राजस्थान सर्किल	अर्द्ध-वार्षिक	दिसम्बर, 68	दिसम्बर, 68
21.	उत्तर प्रदेश सर्किल	अर्द्ध-वार्षिक	अप्रैल, 68	31-12-67
22.	पांश्चमी बंगाल सर्किल	अर्द्ध-वार्षिक	जून, 67	अप्रैल, 67

